


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 178 रविवार, 9 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, एकादशी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## राम मंदिर चढ़ावा चोरी कांड : सितंबर माह के अंत तक दाखिल होगा आरोपपत्र

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में पुलिस सितंबर के अंत तक अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी में है। अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने शनिवार को कहा कि मामले की जांच 90 दिन के भीतर पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा विशेष जांच दल (एसआईटी) अलग से जांच नहीं कर रहा है, बल्कि पुलिस की जांच में समन्वय स्थापित करने और उसे उच्च मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाने में सलाहकार की भूमिका निभा रहा है।

### एसआईटी की निगरानी में आगे बढ़ रही जांच

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** एसएसपी गौरव ग्रोवर ने संवाददाताओं से कहा कि एसआईटी के समन्वय से मामले की जांच आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच पूरी कर ली है। स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा की जा रही जांच की वह स्वयं लगातार निगरानी कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार अधिकारियों को आवश्यक परामर्श भी दे रहे हैं। एसआईटी की अध्यक्षता लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस कर रहे हैं। उन्हें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में करीब पांच वर्ष काम करने का अनुभव है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित हुई एसआईटी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 27 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी की जांच के लिए आईजी किरण एस के नेतृत्व में चार सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। शीर्ष अदालत ने एसआईटी में पांचवें सदस्य के रूप में एक ऑडिटर को शामिल करने का सुझाव दिया था। साथ ही ऑडिटर को दो सप्ताह के भीतर अपनी पहली स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था।

### 25 जून को दर्ज हुई थी एफआईआर

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में 25 जून को अयोध्या के राम जन्मभूमि थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले के जांच अधिकारी और अयोध्या के सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि जांच अभी जारी है। पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित दस्तावेजों को अपडेट किया जा रहा है और उसी के अनुसार जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### चंदा चोरी कांड बड़े जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई का इंतजार

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार, चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में अभी तक किसी बड़े जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों का दावा है कि इससे पहले राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व सदस्य अनिल मिश्रा की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे। हालांकि, मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है और आरोपपत्र दाखिल होने के बाद ही जांच से जुड़े कई तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अब अगले साल बाबा बफार्नी देंगे दर्शन

## 20 दिन पहले लगी यात्रा पर रोक; 28 अगस्त को छड़ी मुबारक

**एजेंसी न्यूज**

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा 2026 को ट्रैक की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव के चलते 9 अगस्त से स्थगित कर दिया गया। यात्रा मार्ग को श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है।

इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू हुई 57 दिवसीय पवित्र श्री अमरनाथ जी यात्रा का समापन 28 अगस्त 2026 को पवित्र 'छड़ी मुबारक' के पूजन और आगमन के साथ होगा। यह यात्रा अनंतनाग जिले के चंदनवाड़ी मार्ग और गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से एक साथ शुरू हुई थी।

इस साल 3 जुलाई से शुरू हुई 57 दिवसीय अमरनाथ यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। यात्रा का औपचारिक समापन 28 अगस्त 2026 को पवित्र छड़ी मुबारक के पूजन और आगमन के साथ होगा।

इस बार यात्रा अनंतनाग जिले के चंदनवाड़ी और गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से एक साथ शुरू हुई थी। अब तक 4.8 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बफार्नी के



दर्शन कर चुके हैं।

हाल में हुई बारिश के कारण यात्रा मार्ग के कुछ संवेदनशील हिस्सों में ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव की जरूरत महसूस हुई है। इन हिस्सों को सुरक्षित बनाने का काम सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से किया जा रहा है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में खराब मौसम की संभावना भी जताई है।

इन परिस्थितियों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 9 अगस्त 2026 से चंदनवाड़ी और बालटाल दोनों मार्गों से अमरनाथ यात्रा स्थगित रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक की स्थिति और मौसम को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

वहीं, यात्रा की धार्मिक परंपरा के अनुसार छड़ी मुबारक अपने पारंपरिक पहलगाम मार्ग से आगे बढ़ेगी और 28 अगस्त को पवित्र गुफा में पहुंचने के साथ यात्रा का औपचारिक समापन होगा।

कश्मीर के मंडलायुक्त अंशुल गर्ग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# भारत से युद्ध में पाकिस्तान की मदद करेंगे सऊदी-तुर्किये!

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने शुक्रवार को एक साझा रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस्लाम धर्म की मान्यताओं में सबसे पवित्र शहर-मक्का में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन ने खुद पहुंचकर इस समझौते के दस्तावेजों में हस्ताक्षर हुए। मक्का में इस डील के होने की वजह से इसे 'मक्का संयुक्त रक्षा समझौता' नाम दिया गया है।

इस समझौते की कुछ शर्तों का खुलासा किया गया है। इसमें सबसे प्रमुख शर्त यह है कि अब सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये में से किसी भी एक देश पर किया गया हमला, तीनों देश पर हमला माना जाएगा और ऐसे में इन तीनों ही देशों को एक-दूसरे की मदद के लिए जुटना पड़ेगा। इस समझौते की टाइमिंग भी काफी अहम है। तीनों ही देशों का यह समझौता तब आया है, जब पूरा पश्चिम एशिया अमेरिका-ईरान के युद्ध की आग में झुलस रहा है और खाड़ी के देश इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर के साथ तीनों ही देशों की तरफ से इसे लेकर एक साझा बयान जारी किया गया है। इसके मुताबिक, सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच यह त्रिपक्षीय सुरक्षा और सैन्य समझौता है।



समझौते का सबसे केंद्रीय प्रावधान यह है कि इसमें शामिल तीनों ही देशों में से किसी भी एक पर बाहरी देश की तरफ से किया गया हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।

समझौते में कहा गया है कि यह प्रावधान संयुक्त राष्ट्र के चार्टर (यूएन चार्टर) के अनुच्छेद 51 पर आधारित है, जो व्यक्तिगत और सामूहिक आत्मरक्षा के अधिकार की गारंटी देता है।

तीनों ही देशों की तरफ से इस समझौते का मकसद एक-दूसरे की रक्षा सुनिश्चित करना बताया गया है, ताकि किसी बाहरी हमले के खिलाफ एकजुटता बनाए रखी जा सके।

आधिकारिक तौर पर समझौते में स्पष्ट कहा गया है कि यह कोई धार्मिक, सांप्रदायिक सैन्य गुट या परमाणु तकनीक साझा करने का न तो तंत्र है और न ही इसे बनाने की कोशिश।

तीनों देश लगातार रणनीतिक खुफिया जानकारी साझा करने, अभियानों के लिए संयुक्त योजना बनाने, सैन्य कर्मियों की ट्रेनिंग और सैन्य अभ्यासों का औपचारिक ढांचा भी खड़ा करेंगे।

इसके अलावा समझौते में रक्षा क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग, तकनीक के ट्रांसफर और संयुक्त उत्पादन को बढ़ाने की बात कही गई है। इसके तहत ड्रोन्स, नौसैन्य इंजीनियरिंग, वायु रक्षा प्रणालियों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का साझा उत्पादन किया जाएगा। तुर्किये के अधिकारियों के मुताबिक, यह समझौता किसी विशिष्ट देश के खिलाफ केंद्रित नहीं है और भविष्य में अन्य क्षेत्रीय देशों, जैसे- कुवैत, बहरीन या कतर के लिए इसमें शामिल होने के रास्ते खुले हैं। यह समझौता अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसे लंबे समय से चल रही रक्षा वाताओं और कई समझौतों का समग्र रूप कहा जा सकता है। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने सितंबर 2025 में ही एक द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत पाकिस्तान के हजारों सैनिक और हवाई रक्षा प्रणालियां पहले से ही सऊदी अरब में तैनात हैं।

## मुजफ्फरनगर में सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर बरसाए फूल



**एजेंसी न्यूज**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध शिव चौक पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शिव चौक के ऊपर कई बार चक्कर लगाता रहा और इस दौरान नीचे मौजूद कांवड़ियों पर फूल बरसाए गए। पुष्पवर्षा के दौरान शिव चौक पर कांवड़ियों में उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शिव चौक पर भाजपा नेताओं की भी मौजूदगी रही। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। मुख्यमंत्री की पुष्पवर्षा को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिले में कांवड़ श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से तैयार किए गए कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षित आवाजाही को लेकर की गई व्यवस्थाओं को परखा गया। कांवड़ यात्रा को देखते हुए सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया।

# चिप से शीप तक सब आपके हाथ से बनेगा

## आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी न्यूज**

**दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली का 57वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रधानमंत्री जेन जी से लेकर 74 वर्षीय शोधार्थी सहित 3036 छात्रों को डिग्री देने के लिए पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'आज देश के आप सभी प्रतिभाशाली युवाओं के जीवन की नई यात्रा शुरू हो रही है। आप इस समय जीवन के एक यादगार पल को जी रहे हैं। उत्साह, उमंग, सपनों और भावनाओं से सराबोर इस क्षण का हिस्सा बनना, आईआईटी दिल्ली के इस कैंपस में आना, आपके साथ ये अनुभव साझा करना, मेरे लिए भी बहुत खास है।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी दिल्ली परिसर में देश के प्रतिभाशाली युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी छात्रों



के जीवन में एक नई यात्रा शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री ने इस यादगार पल का हिस्सा बनने और अनुभव साझा करने को अपने लिए विशेष बताया।

मोदी ने कहा कि जिस तरह परिवार के सदस्य उन पर गर्व महसूस कर रहे हैं, उसी तरह उन्हें भी सभी छात्रों पर गर्व है। उन्होंने जोर दिया कि छात्र केवल उपाधि नहीं ले रहे, बल्कि देश के लिए बहुत कुछ करने के सपने लेकर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी उपलब्धियों के लिए पदक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को हार्दिक बधाई दी। आगे कहा कि मैं साफ तौर पर मानता हूं कि चिप से लेकर शिप तक, सब कुछ यहीं आपके अपने हाथों से बनाया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर पदक पाने वालों में 1-2 बेटियां भी शामिल होतीं तो और भी बेहतर होता। मोदी ने छात्रों से अपने भविष्य के बारे में सोचने को कहा।

उन्होंने आईआईटी दिल्ली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित कुछ नई पहलों के शुभारंभ पर भी शुभकामनाएं दीं।

## क्या है भारत पर 100% तक टैरिफ की मंजूरी देने वाला अमेरिकी विधेयक

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी संसद के उच्च सदन- सीनेट में शुक्रवार को उस विधेयक को पारित कर दिया गया, जिसके तहत रूस से तेल और



अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया जा सकता है। इस विधेयक के जरिए यह फैसला करने की ताकत अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलेगी कि भारत और चीन जैसे रूस के तेल-गैस के खरीदार देशों के उत्पादों पर कितना आयात शुल्क लगाया जाएगा। अमेरिकी संसद में शुक्रवार को जो विधेयक पेश किया गया, उसका नाम ट्रंप के पूर्व करीबी और दिवंगत रिपब्लिकन सांसद लिंडसे ओ ग्राहम के नाम पर रखा गया है, जो कि इस बिल के रचयिता भी थे। इसे लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्स ऑफ 2026 नाम से पेश किया गया। अमेरिकी सीनेट ने इसे बहुमत से पारित किया। इसके पक्ष में 86 वोट और विपक्ष में महज 11 वोट पड़े।

अमेरिका का तर्क है कि इस विधेयक के कानून बनने के बाद रूस को दूसरे देशों से उसके तेल-उत्पादों के एवज में जो आर्थिक मदद मिल रही है, उस पर रोक लगाई जा सकती है। इससे रूस पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोकने का दबाव बनेगा।

# 'वार्ता को तैयार पर झुकेंगे नहीं': पेजेशकियान का बड़ा बयान

**एजेंसी न्यूज**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने साफ कर दिया है कि उनका देश राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कूटनीतिक बातचीत के पक्ष में है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ईरान को कभी भी आत्मसमर्पण के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति पेजेशकियान ने अमेरिका के साथ बातचीत करने और युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के फैसले का बचाव किया है।

उन्होंने कहा कि जब तक अमेरिका अपने वादों को निभाएगा, तब तक तेहरान भी इस समझौते का सम्मान करेगा। लेकिन अगर अमेरिका अपने वादों से पीछे हटता है, तो ईरान भी अपनी



प्रतिबद्धताओं से बंधा नहीं रहेगा।

दूसरी ओर, मसूद पेजेशकियान ने अपने इस्तीफे की खबरों और अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि वे अपना काम मजबूती से जारी रखेंगे। दरअसल, जून में अमेरिका और ईरान के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें दोनों देशों के बीच 60 दिनों के भीतर स्थायी शांति समझौते तक पहुंचने की बात कही गई थी। इस समझौते को लेकर ईरान के अंदरूनी राजनीतिक हलकों में मतभेद की खबरें आ रही थीं, जिन पर अब राष्ट्रपति ने विराम लगा दिया है।

# कादरचौक में डकैती, पुलिस ने मामूली धाराओं में दर्ज किया केस, मान रही संदिग्ध

## गन प्वाइंट पर शराब कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट हुई अंजाम

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव गनियाई में शुक्रवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने एक शराब कारोबारी के घर धावा बोलकर गन प्वाइंट पर परिवार को बंधक बना लिया और लाखों रुपये की लूट को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार बदमाश करीब चार लाख रुपये के जेवरात और 38 हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद गांव में दहशत फैल गई है।

गांव निवासी अमर सिंह, जो देसी शराब का ठेका चलाते हैं और टेंट का व्यवसाय भी करते हैं, ने बताया कि देर रात करीब पांच असलाहधारी बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर पूरे घर की तलाशी ली और कीमती सामान समेट लिया। घटना के



दौरान बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की।

सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्रों में कांबिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामला चोरी व लूट की धाराओं में दर्ज किया है। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। ओवररेट शराब बिक्री को लेकर विवाद की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# यूपी में सड़क और परिवहन ढांचे को मिलेगी रफ्तार, 21 निर्माण कार्यों के लिए 175 करोड़ रुपये जारी

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़क और परिवहन ढांचे को और मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 21 चालू निर्माण कार्यों के लिए 175.02 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इनमें राज्य व प्रमुख जिला मार्गों के चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण के 13 कार्य, तीन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) तथा बाईपास-रिंग रोड-फ्लाईओवर के चार कार्य शामिल हैं। इसके अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए 75 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

वनाग्नि की रोकथाम और प्रबंधन के लिए केंद्र प्रायोजित



योजना के तहत 22.80 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति भी दी गई है। इन सभी को जोड़ने पर प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि करीब 175.25 करोड़ रुपये होती है।

संबंधित शासनादेश सात अगस्त को जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने राज्य, प्रमुख और अन्य जिला मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 13 चालू कार्यों के लिए कुल 32.8488 करोड़ रुपये का आवंटन किया है।

इसमें गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, सीतापुर, अमेठी, बागपत और गाजियाबाद समेत कई जिलों की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। गोरखपुर में कुसमी-पिपराइच मार्ग से गढ़वा रिठिया चीनी मिल मार्ग और कैंपियरगंज बाईपास मार्ग समेत तीन कार्य हैं। अयोध्या में अमानीगंज मार्ग से एनएच-28 तक 14.240 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण भी इसमें शामिल है।

## बंगलूरू-मैसूरु एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

# साइन बोर्ड से टकराकर पलटी बस, दो की मौत; 25 घायल

**एजेंसी न्यूज**

**बंगलूरू।** कर्नाटक के बंगलूरू-मैसूरु एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चालक और कंडक्टर समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा एक्सप्रेसवे के बिदादी इलाके में हुआ। मृतकों की पहचान केएसआरटीसी बस के चालक अरुण एनएम और कंडक्टर मिदिलेश के रूप में हुई है। दोनों कोझिकोड से चलने वाली बस में तैनात थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चालक और कंडक्टर ने हादसे में लगी चोटों के कारण दम




तोड़ दिया। घायल यात्रियों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सुबह करीब 6:30 बजे अवरगेरे गेट के पास पहुंचने पर चालक को वाहन चलाते समय झपकी आ गई होगी। इसके कारण बस पर उसका नियंत्रण नहीं रहा।

**एक नजर**

### ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पूर्वी।** कस्बे के ओवरब्रिज पर शुक्रवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार के लिए बरेली भेजा। पुलिस के मुताबिक, लल्लू सिंह पुत्र रामकरन निवासी ग्राम उचसिया झादा, थाना फतेहगंज पूर्वी, शुक्रवार रात करीब 10 :30 बजे बाइक संख्या UP 27 K 6922 से शाहजहांपुर की ओर से अपने गांव जा रहे थे। आरोप है कि वह सड़क की गलत दिशा में बाइक चला रहे थे। इसी दौरान ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में लल्लू सिंह घायल हो गए। सूचना मिलने पर PRV और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तत्काल एंबुलेंस से उपचार के लिए बरेली भेजा गया। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। हादसे के बाद मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य रही।

# गांवों में विकास कार्यों से मजबूत होंगी मूलभूत सुविधाएं : धर्मपाल

## आंवला विधानसभा के कई गांवों में सड़क, नाली और खड़ंजा समेत विकास कार्यों का लोकार्पण-उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को आंवला विधानसभा क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद विकासखंड के विभिन्न गांवों में सड़क, नाली, खड़ंजा समेत कई विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

मंत्री ने ग्राम कटसारी, कनगांव, धर्मपुर, टिकुरी, देवी, सिकरोड़ा, तुमड़िया, पनबड़िया, बेहटा चौहान, बहजुइया और राजपुर खुर्द समेत विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना और आमजन के जीवन को सरल एवं सुविधाजनक बनाना सरकार की प्राथमिकता है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि आंवला विधानसभा को विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर विधानसभा बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष अनमोल गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## बंटवारे के विवाद में मारपीट, 5 पर केस

**आंवला।** थाना क्षेत्र के गांव रामनगला में पारिवारिक बंटवारे के विवाद को लेकर एक महिला और उसके पति के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामनगला निवासी राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि ६ अगस्त की सुबह वह घर पर अकेली थी। तभी बंटवारे की रंजिश को लेकर राजेश, प्रीति, चंद्रपाल, राजेंद्र और गीता लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने आए उसके पति बेचेलाल को भी आरोपियों ने पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया।

# खड़ी डीसीएम में घुसी तेज रफ्तार पिकअप, क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पूर्वी।** मुरारी कोल्ड स्टोरेज के समीप शनिवार सुबह करीब सात बजे तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से जा घुसी। हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे में पिकअप चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार पिकअप चालक जीतू निवासी औरैया पिकअप लेकर कटरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुरारी कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क किनारे डीसीएम खड़ी थी। बरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर खड़ी डीसीएम में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। गनीमत रही कि पिकअप चालक जीतू को गंभीर चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया। डीसीएम चालक शिवओम निवासी चिनहाट, लखनऊ बताया गया है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। कस्बा इंचार्ज लक्ष्मीनारायण ने बताया हादसे के बाद स्थिति सामान्य बनी हुई है।हादसे में कोई भी जनहानि की बात सामने नहीं आई है।

# रविदास जयंती पर कलश वंदन यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलश बंदन यात्रा में शामिल गणमान्य। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** सूबाई सरकार द्वारा सूबे भर में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर नगर में भव्य कलश बंदन यात्रा निकाली गई जिसमें लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

इस धार्मिक यात्रा की शुरुआत नगर के मोहल्ला जाजूनागर स्थित शिव मंदिर से हुई। वहाँ पूजन अर्चन के बाद यात्रा अंबेडकर भवन पहुंची और बाबा साहेब को नमन कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मोहल्ला तथा गाँव लोधीपुर होते हुए वापस नगर के विभिन्न प्रमुख मंदिरों में सिर नवाते हुए यात्रा मोहल्ला कानूनगोयान की दलित बस्ती पहुंची। पार्टी के मुख्य वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन वृत पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने की सभी से अपील की। कहा गया कि संत रविदास का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सीख लोगों को सकारात्मक कार्य करने का संदेश देती है। कलश बंदन यात्रा के मार्ग में आए सभी मंदिरों के समक्ष संत रविदास के चित्र और कलश पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने से लेकर यात्रा विसर्जन तक भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पालिकाध्यक्ष पति बाबी जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी व भूपेन्द्र कुर्मी, स्वाति कुमार, दिनकर गुप्ता, आसेराम, सुरेश गंगवार, चिंता मणि राठौड़, रूप किशोर गंगवार, गौरव पाल, सचिन प्रजापति, तरूण कालरा तथा अवधेश सक्सेना सहित तमाम अन्य लोग शामिल रहे।

## व्यापार मंडल ने भाजपा प्रदेश मंत्री को किया सम्मानित

**फरीदपुर (बरेली)।** फ्यूचर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा भाजपा की नव-मनोनीत प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता और कुलपति मुकेश गुप्ता ने उन्हें शाल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।एमएलसी कुंवर महाराज सिंह और राजेंद्र गुप्ता ने सुभाषिनी जी की मेहनत, निष्ठा और संघर्ष की सराहना करते हुए इसे पार्टी का उचित पारितोषिक बताया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत व्यापार मंडल से ही हुई थी। कार्यक्रम में कई प्रमुख व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाले पर पड़े डिप का ढक्कन उठा ले गया सफाई कर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय



फुटेज में जाल को कूड़ा गाड़ी पर रखकर ले जाता सफाईकर्मी। -जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर पालिका का सफाई कर्मचारी डिप पर पड़े सही सलामत लोहे के जाल को कूड़ा उठाने वाली ठेली पर लादकर चला गया। सीसीटीवी में कैद हुआ वाकया सोशल मीडिया पर हुआ वायरल। नगर के मोहल्ला साहूकारा सराय स्थित डॉक्टर टैगोर वाली गली में ड्यूटी पर कार्यरत सफाई कर्मचारी सरेआम नाले के ऊपर पड़े लोहे के भारी-भरकम ढक्कन को फ्रेम सहित उठा कर अपनी कूड़ा गाड़ी पर रखकर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

मोहल्ले वासियों के अनुसार गली के इसी हिस्से में ही डिप बार-बार चोरी हो जाते हैं। लेकिन इस बार चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि स्थानीय सफाई कर्मचारी ही निकला। बताया गया कि चेतना सोसायटी के पदाधिकारी अनुज अग्रवाल के घर के सामने से उठाया गया यह डिप बिल्कुल सही हालत में है। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना का फुटेज विभिन्न ग्रुपों पर वायरल कर दिया गया। गली के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश का मौसम है, कुछ ही देर की बारिश में इस गली के नाले पर पानी उफना जाता है। ऐसे में दुर्भाग्यवश यदि जलभराव की स्थिति में उधर से गुजरने वाला कोई भी इस खुले हुए डिप में गिर गया तो किसी अप्रिय घटना के घटित होने की पूरी संभावना है। गली के निवासियों ने डिप को तत्काल बंद कराने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। घटना की जांच के पश्चात संलिप्त कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शिव शक्ति डाक कांवड़ संघ का जत्था रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामगंगा घाट जल भरने रवाना होता शिव शक्ति डाक कांवड़ संघ का जत्था।

**फतेहगंज पूर्वी।** शिव शक्ति डाक कांवड़ संघ का कांवड़ियों का जत्था शनिवार को रामगंगा के नगरिया घाट से जलभरने के लिए रवाना हुआ। जत्था प्रबंधक-संरक्षक रामसेवक शर्मा, बुधपाल यादव और गुरुजी मुनीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में जत्था रवाना हुआ।

जत्था रवाना होने से पूर्व गुरुजी मुनीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर विधिवत रूप से जत्थे को रवाना किया। इस दौरान कांवड़ियों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इसके बाद कांवड़िए शिव भजनों पर थिरकते हुए रामगंगा नगरिया घाट के लिए रवाना हुए। कांवड़ियों ने बताया कि रामगंगा घाट से गंगाजल भरकर डाक कांवड़ उठाई जाएगी। इसके बाद पदयात्रा करते हुए मदनपुर के फिरोजपुर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर तय समय में बाबा का जलाभिषेक किया जाएगा। इसे लेकर कांवड़ियों में खासा उत्साह नजर आया। जत्थे के रवाना होने से पहले कांवड़ियों के परिजनों ने उनका तिलक किया और फूल-मालाएं पहनाकर मिठाई खिलाई। इसके बाद परिजनों ने मंगलकामनाओं के साथ उन्हें विदा किया। इस दौरान जत्थे में शामिल शिव-पार्वती की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। शिव-पार्वती की झांकी के साथ कांवड़िए भजनों पर थिरकते हुए आगे बढ़े। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज लक्ष्मीनारायण पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे। उनके सहयोगी कांस्टेबल आकाश कुमार भी तैनात रहे। पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों के सुरक्षित रवाना होने तक सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

## मांगों को लेकर डिपो टैंकर चालक-परिचालकों ने किया धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** आंवला स्थित बीपीसीएल डिपो के अधिकारियों पर शोषण और मनमानी का आरोप लगाते हुए पेट्रोलियम टैंकर चालक और परिचालकों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पेट्रोलियम टैंकर्स ड्राइवर्स एंड कंडक्टर्स यूनियन के नेतृत्व में सुबह करीब 10 बजे डिपो गेट के पास प्रदर्शन आरम्भ कर किया। यूनियन पदाधिकारियों ने मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने की चेतावनी दी। पुलिस और डिपो अधिकारियों के समझाने और डिपो मैनेजर द्वारा एक माह में समस्याओं का निस्तारण कराने के आश्वासन के बाद शाम करीब 6 बजे धरना समाप्त कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से डिपो मैनेजर और टैंकर चालकों के बीच कार्य को लेकर विवाद चल रहा है। यूनियन ने आरोप लगाया कि डिपो अधिकारी मनमाने तरीके से चालकों और परिचालकों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे उनमें रोष है। हाल में चालक जयवीर सिंह निवासी भमोरा की अनुपस्थिति में दूसरे चालक द्वारा टैंकर चलाए जाने पर डिपो मैनेजर ने कथित तौर पर वाहन के मेन बॉक्स का ताला हथौड़े से तोड़ दिया। आरोप है कि इसके बाद वाहन की वीडियो और फोटो बनाकर वाहन मालिक को तेल चोरी की सूचना दी गई, जबकि यूनियन के मुताबिक ऐसी कोई शिकायत नहीं थी। इस मामले में वाहन और चालक को प्रतिबंधित किए जाने का भी आरोप लगाया गया।

# महाकाल का जलाभिषेक कर लौटे शिवभक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



महाकाल की पालकी उठाए शिवभक्त। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** ओंकारेश्वर से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग तक कांवड़ पदयात्रा कर महाकाल का जलाभिषेक करने के बाद शिवभक्तों के वापस नगर आगमन पर सनातनी श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। महाकाल की पालकी के साथ जब शिवभक्तों का जत्था नगर के मुख्य मार्ग पर आया तो डीजे की धुन के साथ भारी आतिशबाजी भी की गई।

महाकाल की पालकी उठाने को श्रद्धालुओं में होड़ रही। इस धार्मिक दृश्य को अपनी आंखों में उतारने के लिए आसपास के सैकड़ों लोग सड़क के दोनों छोरों पर खड़े रहे। इस दौरान सभी को प्रसाद भी बितरित किया गया। महिलाओं ने शिशुओं को पालकी के पास ले जाकर उनका माथा टिकाया। उज्जैन गये सभी 40 शिवभक्त मद्धिम चाल से चलते हुए कानूनगोयान मोहल्ला स्थित 84 घंटा मंदिर पहुंचे और पूजन अर्चन के बाद यहाँ भी अपने आराध्य का जलाभिषेक किया। शिवभक्त धर्मेन्द्र रस्तोगी, सुंदर रस्तोगी, अनुज गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, कुश कालरा, चंदन ठाकुर, विश्वास गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, नितिन अग्रवाल, चंदन सिंह तथा महंत सचिन रस्तोगी आदि का भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, लाल सिंह, ओमप्रकाश गंगवार, अमित गर्ग डब्बू व नितिन अग्रवाल ने जोरदार स्वागत किया।

# छिनैती की घटना के तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ पराबहाउद्दीनपुर में महिला का पर्स छीनने की घटना का खुलासा, दो मोबाइल, घड़ी और 750 रुपये बरामद

**विशारतगंज।** महिला का पर्स छीनने की घटना का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक कलाई घड़ी और 750 रुपये बरामद हुए है।

पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई की रात करीब 10 बजे एक महिला और व्यक्ति मोटरसाइकिल से विशारतगंज से रम्पुरा मोड़ की ओर जा रहे थे। पराबहाउद्दीनपुर के पास तीन युवकों ने अपनी मोटरसाइकिल उनकी बाइक के पास लगाकर महिला का पर्स छीन लिया और फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात सूचना मिली क छिनैती की घटना में शामिल तीन युवक दोबारा वारदात करने के इरादे से मधुसूदन फैक्ट्री के पीछे खाली पड़े मकान में बैठे हैं। पुलिस टीम ने मकान की घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अभ्युदय पुत्र संजय सिंह निवासी अतरछेड़ी, थाना विशारतगंज, वैभव पाल पुत्र हरिपाल निवासी मिर्जापुर, थाना आंवला और रोहित उर्फ मोहित पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अतरछेड़ी, थाना विशारतगंज बताया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 17 जुलाई की घटना उन्होंने ही की थी। उक्त महिला के पर्स में दो मोबाइल, एक कलाई घड़ी और करीब पांच हजार रुपये थे। सामान और रुपये आपस में बांट लिए थे। वैभव पाल ने पुलिस को बताया कि घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल उसने अपने साथी अंश गुप्ता के साथ मिलकर गांधी उद्यान, बरेली के सामने से चोरी की थी। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413





जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com




## एक नजर

### गोवंश ले जाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना पुलिस ने टेंपो में गोवंश भरकर ले जाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मुनत्याज अली और ज्ञानसू (निवासी नल नगरिया, मीरगंज) के रूप में हुई है। इनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम और बीएनएस की धारा 109 के तहत केस दर्ज किया गया है।अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मीरगंज निवासी जतिन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी टेंपो से गोवंश ले जा रहे थे। रोकने पर उन्होंने गौरक्षकों पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों नामजद आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने दो अन्य साथियों राहुल और सचिन के नाम भी उगले हैं। मुख्य आरोपी मुनत्याज का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

# कुल शरीफ के साथ उर्स-ए-रजवी का समापन

## इस्लामिया मैदान से दरगाह आला हजरत तक उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खां फाजिले बरेलवी के तीन दिवसीय उर्स-ए-रजवी का शनिवार दोपहर 2:38 बजे कुल शरीफ की रस्म के साथ समापन हो गया। कुल की खास घड़ी आते ही इस्लामिया कॉलेज मैदान से लेकर दरगाह आला हजरत और आसपास की गलियों तक अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। देश-विदेश से पहुंचे जायरीन ने कुल शरीफ में शिरकत की। दुआ के लिए हजारों हाथ एक साथ उठे तो पूरा इलाका आमीन की सदाओं से गूंज उठा।

उर्स के अंतिम दिन सुबह से ही इस्लामिया मैदान और दरगाह की ओर जायरीन का रेला बढ़ता रहा। प्रमुख मार्ग और गलियां अकीदतमंदों से भर गईं। जायरीन ने आला हजरत को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के मुताबिक अंतिम दिन के कार्यक्रम सुबह छह बजे कुरानख्वानी से शुरू हुए। सुबह आठ बजे महफिल सजी, जिसमें देश-विदेश से आए सज्जादगान और उलमा ने खिताब किया। नात-ओ-मनकबत का सिलसिला चला और आला हजरत की दीनी व रूहानी खिदमत को याद किया गया। दोपहर 2:38 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा होने के साथ उर्स का समापन हुआ। इससे पहले शुक्रवार रात इस्लामिया कॉलेज मैदान में जलसा हुआ। दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में आयोजित जलसे का आगाज मुफ्ती कारी नाजिर तहसीनी ने तिलावत-ए-कुरान से किया। देश-विदेश से आए उलमा ने इस्लाम के फराइज, पैगंबर-ए-इस्लाम की तालीमात, मसलक-ए-आला हजरत और मुफ्ती आजम हिंद की जिंदगी पर रोशनी डाली। लोगों से कुरान और पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं के मुताबिक जिंदगी गुजारने तथा मजहबी फराइज अदा करने की अपील की गई। शुक्रवार देर रात मुफ्ती आजम हिंद का कुल शरीफ भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। इसके बाद सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने खुसूसी दुआ कराई। कार्यक्रम भोर तक चलता रहा। दरगाह प्रमुख के पौत्र अहसान रजा खान ने आला हजरत और मुफ्ती आजम हिंद की दीनी व रूहानी खिदमत पर प्रकाश डाला। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान का पैगाम पढ़कर सुनाया। कुल शरीफ में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन सुबह से अलर्ट रहा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने अधिकारियों के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस्लामिया मैदान, दरगाह मार्ग, बिहारीपुर चौकी, इस्लामिया मार्केट और पटेल चौक समेत प्रमुख स्थानों पर व्यवस्थाएं परखी गईं। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कुल शरीफ की रस्म पूरी होने के बाद बाहर से आए जायरीन के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और यातायात विभाग की टीमें प्रमुख मार्गों पर तैनात रहीं। तीन दिनों तक बरेली में नजर आया अकीदत का रंग कुल शरीफ के साथ संपन्न हो गया।

## दंपती से छिनैती करने वाले तीन गिरफ्तार

**बरेली।** विशारतगंज पुलिस ने 17 जुलाई को दंपती से हुई छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान अभ्युदय, वैभवपाल और रोहित उर्फ मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन, एक हाथ घड़ी, 750 रुपये और वारदात में इस्तेमाल चोरी की बाइक बरामद की है।पुलिस के अनुसार, सात अगस्त को मुखबिर की सूचना पर मधुसूदन फैक्ट्री के पीछे एक खाली मकान से इन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया, जहां ये अगली वारदात की योजना बना रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने ग्राम पराबहाउद्दीनपुर के पास दंपती से पर्स छीनने का जुर्म कबूल किया। आरोपी अभ्युदय और रोहित का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

# कांवड़ यात्रा और उर्स-ए-रजवी को लेकर आला अफसरों ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ एडीजी रमित शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने किया भ्रमण, व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश

**बरेली।** कांवड़ यात्रा और उर्स-ए-रजवी को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा, आयुक्त बरेली मंडल शंभू कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय सहानी और पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा और उर्स से जुड़े प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन, भीड़ नियंत्रण और पुलिस बल की तैनाती के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमण करने और व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से भी आयोजनों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों के भ्रमण के दौरान संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## व्यापारी उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा : रवि प्रकाश

**बरेली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक विद्या वर्ल्ड स्कूल में प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल की मौजूदगी में हुई। बैठक में विभिन्न इकाइयों की नई कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें लव शर्मा को जिला महामंत्री, पंकज कपूर को कोषाध्यक्ष, सतपाल गंगवार को महानगर महामंत्री और रेनू शर्मा को महिला जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। युवा इकाई की कमान राकेश गुप्ता को मिली।प्रदेश अध्यक्ष ने दोटूक कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में ऑनलाइन व्यापार से स्थानीय दुकानदारों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताई गई और व्यापारी कल्याण आयोग में प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग उठी। जल्द ही शपथ ग्रहण समारोह होगा।

# हजरत कुदरत शाह मियां उर्स संपन्न



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सदर हाजी हकीम निराले मियां और नायब सदर वसीम खान की सरपरस्ती में हजरत कुदरत अली शाह मियां कादरिया का 66वां उर्स-ए-मुबारक बानखाना में अकीदत और एहतराम के साथ संपन्न हुआ। उर्स के दौरान बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोगों और अकीदतमंदों ने शिरकत कर दरगाह पर हाजिरी दी और फैज हासिल किया। उर्स के मौके पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ अकीदतमंदों के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। लोगों ने आपसी भाईचारे और मोहब्बत के साथ लंगर में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुल्क में अमन, शांति, खुशहाली और आपसी सौहार्द कायम रहने के लिए विशेष दुआ की गई।

आयोजकों ने बताया कि उर्स का उद्देश्य बुजुर्गों की शिक्षाओं को याद करना और उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में भाईचारे और इंसानियत का संदेश देना है। आयोजन में मोहल्ले के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और व्यवस्थाओं में सहयोग किया।



# हवन-पूजन के साथ राजकीय महिला छात्रावास में नए सत्र का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय महिला छात्रावास में हवन-पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम छात्रावास परिसर और इसके बाद भोजनालय में विधि-विधान से हवन एवं पूजन किया गया। इस दौरान नए सत्र के सुचारू संचालन, छात्राओं की सुख-समृद्धि और सफलता की कामना की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह एवं कुलसचिव महेंद्र कुमार सिंह ने छात्रावास के नए सत्र के शुभारंभ पर छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। वार्डन डॉ. ज्योति पांडेय ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नए सत्र के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर वार्डन डॉ. ज्योति पांडेय सहित डॉ. कीर्ति, डॉ. रुचि, मीना पांडेय, नीलाक्षी, राखी, सुनीता समेत छात्रावास की छात्राएं एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डोडा छिलका नकदी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** थाना सुभाषनगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है [543/2026]। पुलिस ने ग्राम अंगूरी मार्ग से मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर नरेश पाल (45) निवासी चकरपुर, भमौरा को दबोचा। तलाशी में उसके पास से 2 किलो 900 ग्राम डोडा छिलका और 800 रुपये नकद बरामद हुए।पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह प्रतिबंधित खेप उत्तराखंड में सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी नरेश पाल का पुराना आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ भमौरा और इज्जतनगर थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं।

# वेतन न मिलने पर मीटर रीडरों का कार्य बहिष्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक क्षेत्र में विद्युत विभाग के आउटसोर्सिंग मीटर रीडरों ने दो माह से वेतन न मिलने और न्यूनतम वेतन लागू नहीं किए जाने के विरोध में कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से जून और जुलाई माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है।

इससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मीटर रीडर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बरेली जिले की फतेहगंज पश्चिमी प्रथम सबडिवीजन में मीटर रीडर (बिलिंग) के पद पर कार्यरत हैं। कर्मचारियों के मुताबिक उनका आउटसोर्सिंग ठेका हैदराबाद की विभु इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी की ओर से समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है और उन्हें न्यूनतम वेतन का लाभ भी नहीं मिल रहा। मीटर रीडरों ने एसडीओ फतेहगंज पश्चिमी प्रथम को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराने, न्यूनतम वेतन लागू करने और जून-जुलाई का बकाया वेतन तत्काल दिलाने की मांग की है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता और बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में भगवान दास, उज्जवल, मदनलाल, मोहित कुमार, महेश्वरी, मनोज कुमार गंगवार, इकरार, सोनू सागर, मनोज कुमार, अभिषेक, अरविंद, मोहित सागर, अखिल खान, जावेद, आसिफ, राजेश, फुरकान, शमशाद और प्रतीक यादव समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

# हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे दो बाइक सवार हादसे में घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हरदोई से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे दो बाइक सवार युवक मीरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गए। हाईवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक हरदोई पुलिस लाइन के पास रहने वाले अभिषेक कश्यप (22) पुत्र विनोद कश्यप और उसका दोस्त सनी शर्मा (20) पुत्र राधे शर्मा बुधवार रात करीब दो बजे बाइक से हरिद्वार के लिए निकले थे। दोनों सावन में कांवड़ लेने जा रहे थे। मीरगंज हाईवे पर पेट्रोल पंप के सामने पहुंचने के दौरान पीछे से आए वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी है। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में चिंता का माहौल है। वहीं पुलिस ने फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

**सर्किलरेट** इलाकों के विकास और बाजार भाव के आधार पर 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं दरें, जल्द मांगी जाएंगी आपत्तियां

# बरेली में जमीन खरीदने की बढ़ेगी कीमत, नए सर्किल रेट का प्रस्ताव तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर और आसपास के इलाकों में जमीन या मकान खरीदने वालों की जेब पर जल्द अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। जिला प्रशासन ने नए सर्किल रेट को लेकर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। बाजार में जमीन की मौजूदा कीमत और विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे तेजी से विकास को देखते हुए सर्किल रेट में 10 से 20 प्रतिशत तक इजाफा प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव पर आपत्तियां और सुझाव लेने के बाद नई दरों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

नए सर्किल रेट की कवायद के तहत निबंधन विभाग ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों का सर्वे कराया है। इसमें शहर के प्रमुख आवासीय इलाकों के अलावा बाइपास, हाईवे से लगे क्षेत्र और तेजी से विकसित हो रहे ग्रामीण इलाकों को भी शामिल किया गया है। शहर में जमीन की दरें प्रति वर्गमीटर और हाईवे व बाइपास से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर के आधार पर तय की जा रही हैं। सर्वे के दौरान सड़कों की चौड़ाई को भी दर निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है। नौ मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क से जुड़ी कॉलोनियों में सर्किल रेट अपेक्षाकृत अधिक बढ़ाने का प्रस्ताव है। सिविल लाइंस, आवास विकास कॉलोनी, मेगा मेंशन और रहीम पैलेस समेत कई प्रमुख इलाकों में इसका असर देखने को मिल सकता है। जिन क्षेत्रों में पिछले कुछ समय में दुकान, शोरूम, अस्पताल, स्कूल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां जमीन के बाजार भाव में भी तेजी आई है। प्रशासन ने ऐसे इलाकों में सरकारी दर और वास्तविक बाजार कीमत के अंतर को कम करने के लिए नई दरों का प्रस्ताव तैयार किया है। अय्यूब खां चौराहे से नावल्टी तक का व्यावसायिक क्षेत्र जिले के महंगे इलाकों में शामिल है। बीडीए और नगर निगम की सीमा में आने वाले नए विकसित क्षेत्रों तथा औद्योगिक इलाकों में भी सर्किल रेट में अपेक्षाकृत ज्यादा बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। सर्किल रेट बढ़ने का सीधा असर जमीन की रजिस्ट्री पर आने वाले खर्च पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर सिविल लाइंस या आवास विकास कॉलोनी में नौ मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित 100 वर्गमीटर के प्लॉट का न्यूनतम मूल्य 66 लाख रुपये निर्धारित होने पर स्टांप और निबंधन शुल्क भी इसी मूल्य के आधार पर देना होगा। प्रशासन की ओर से प्रस्तावित दरों को जल्द सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद आम लोगों, जमीन कारोबारियों और अन्य संबंधित लोगों से आपत्तियां एवं सुझाव लिए जाएंगे। सुनवाई के बाद अंतिम प्रस्ताव जिलाधिकारी की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष सिंह ने बताया कि बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पुराने सर्किल रेट में 10 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया है। संबंधित क्षेत्रों से आपत्तियों के निस्तारण और जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद करीब दस दिन में नई दरें लागू किए जाने की तैयारी है।

# दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** देवरनिया पुलिस ने महिला से दुष्कर्म, मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में दर्ज मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को शनिवार सुबह ग्राम दमखौदा अड्डे के पास से पकड़ा। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक आठ अगस्त को एक महिला ने तंजील पुत्र स्व. इसराईल निवासी वार्ड नंबर 11, मोहल्ला इस्लामनगर, कस्बा रिछा के खिलाफ शिकायत दी थी। महिला ने आरोपी पर दुष्कर्म करने तथा विरोध करने पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। शिकायत के आधार पर देवरनिया थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कराने के साथ मेडिकल संबंधी कार्रवाई भी कराई। इसके बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी थी। इसी क्रम में शनिवार को करीब 5:05 बजे पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर ग्राम दमखौदा अड्डा पहुंचकर आरोपी तंजील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 264/2026 में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शेखर खोखर और कांस्टेबल सौरभ शामिल रहे।

## एक नजर



### बिसौली में सपा सांसद आदित्य यादव का भव्य स्वागत

**बिसौली।** सपा सांसद आदित्य यादव का नगर के तहसील चौराहे पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। वरिष्ठ नेता काजी शाहनवाज खां के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर बैंडबाजों के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान अखिलेश यादव जिंदाबाद और समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में सतीश प्रेमी, एड. राहुल यादव भीष्म, हरीश यादव, सोमेश प्रताप सिंह, एड. राजीव यादव, अफजल फारूकी, बहादुर अली, जसवीर यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में दिनदहाड़े डॉक्टर से लूट चाकू दिखाकर मोबाइल और नकदी छीनी

## सुरक्षा पर सवालः डॉक्टर से लूट कर आरोपी हुए फरार, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही कोतवाली पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के जिला अस्पताल पुरुष परिसर में दिनदहाड़े एक डॉक्टर से लूट की वारदात सामने आई है, जिससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अस्पताल परिसर स्थित मोर्चरी के पास की बताई जा रही है।

पीड़ित डॉक्टर विकास शर्मा, जो जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में मेडिकल ऑफिसर (एमओ) के पद पर तैनात हैं, ने बताया कि दो अज्ञात युवक उनके पास आए और पहले बातचीत के बहाने उन्हें उलझा लिया। बातचीत के दौरान ही आरोपियों ने अचानक चाकू निकाल लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उनका मोबाइल फोन और नगदी छीन ली।



पीड़ित डॉक्टर से जानकारी लेते कोतवाल संजय सिंह। –जागरण मोर्चा

घटना के बाद डॉक्टर किसी तरह अपनी जान बचाकर अस्पताल के इमरजेंसी परिसर पहुंचे और वहां मौजूद स्टाफ को पूरी जानकारी दी। दिनदहाड़े अस्पताल जैसे संवेदनशील परिसर में हुई इस वारदात से कर्मचारियों और मरीजों में दहशत का माहौल बन गया।

पीड़ित डॉक्टर द्वारा घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

इस घटना ने अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। स्थानीय लोगों और अस्पताल स्टाफ ने सुरक्षा बढ़ाने तथा नियमित गश्त की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

> सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। पूरे मामले की डॉक्टर से जानकारी ली गई है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक कराया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों की गिरफतारी कर ली जाएगी और इस पूरे मामले का खुलासा जल्द से जल्द कर दिया जाएगा।
>
> –संजय सिंह, इंस्पेक्टर सदर कोतवाली

**कोतवाली परिसर में बनी पुलिस चौकी महज शोपीस :** कोतवाली परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थाई चौकी का निर्माण कई साल पहले कराया गया। जहां पुलिस कर्मियों की तैनाती भी थी, लेकिन पिछले 1एक साल से पुलिस चौकी महज शोपीस बनकर रह गई है। यहां कोई पुलिसकर्मी व चौकी प्रभारी मौजूद नहीं रहता है। यही वजह है कि अस्पताल परिसर में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। लेकिन दिनदहाड़े डॉक्टर से लूट के मामले ने अब सवाल खड़े कर दिए हैं।

**चप्पा चप्पा पर है सुरक्षा कर्मियों की तैनाती :** डॉक्टर और कर्मचारियों के साथ कोई अभद्रता न करे, किसी घटना को कोई अंजाम न दे। इसके लिए शासन ने सेवानिवृत्ति फौजियों को सुरक्षा गार्ड के रूप में जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में तैनाती दी है। जिला अस्पताल में तैनात गार्ड अपनी ड्यूटी सही से नहीं निभा पा रहे हैं। गार्ड या तो कमरे में बैठे दिखाई देते हैं या फिर बातों में मस्त हो जाते हैं।

## संक्षेप समाचार

### मोहल्ला नंबर 3 में देसी शराब ठेका पर उठे सवाल, 100 मीटर दायरे में स्कूल व मंदिर

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला नंबर 3 में स्थित देसी शराब का ठेका इन दिनों स्थानीय लोगों के बीच चर्चा और विरोध का विषय बना हुआ है। आरोप है कि यह ठेका आबकारी नियमों की अनदेखी करते हुए ऐसे स्थान पर संचालित किया जा रहा है, जहां से महज 100 मीटर के दायरे में एक स्कूल और कई धार्मिक स्थल मौजूद हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ठेके के एक ओर करीब 100 मीटर की दूरी पर ज्वाला प्रसाद जैन स्कूल स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं पढ़ने आते हैं। वहीं दूसरी ओर इसी दूरी के भीतर आर्य समाज मंदिर भी है, जबकि ठेके के ठीक सामने संत रविदास मंदिर स्थित है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस प्रकार के संवेदनशील स्थानों के पास शराब ठेका होना सामाजिक और धार्मिक वातावरण को प्रभावित कर सकता है। मोहल्ला वासियों का कहना है कि स्कूल के आसपास शराब ठेका होने से बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। साथ ही मंदिरों के समीप इस प्रकार की गतिविधियां धार्मिक भावनाओं को भी आहत करती हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और यदि ठेका नियमों के विरुद्ध पाया जाता है तो उसे तत्काल हटाया जाए। स्थानीय नागरिकों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में असंतोष का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन के हस्तक्षेप का इंतजार कर रहे हैं।



मोहल्ला नंबर 3 में संचालित हो रहा देसी शराब का ठेका। –जागरण मोर्चा

### भाजपा के एमएलसी वागीश पाठक के आवास पर लगा थ्री-फेज स्मार्ट मीटर



**बदायूं।** बिजली व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में पावर कॉरपोरेशन की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान जारी है। इसी क्रम में भाजपा के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) वागीश पाठक के 32,सिविल लाइंस स्थित आवास पर पावर कॉरपोरेशन द्वारा थ्री–फेज स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया है। पावर कॉरपोरेशन की टीम ने एमएलसी के आवास पर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुराने मीटर को हटाकर थ्री–फेज स्मार्ट मीटर लगाया।एसडीओ पनवड़िया अरविंद कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली की खपत की निगरानी और बिलिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही बिजली की वास्तविक खपत का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जा सकेगा। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं के यहां चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। एसडीओ के अनुसार स्मार्ट मीटर व्यवस्था से बिजली की खपत की सटीक जानकारी मिलने के साथ ही बिलिंग संबंधी समस्याओं को कम करने में भी सहायता मिलेगी।उन्होंने बताया कि बिना मानवीय हस्तक्षेप के रीडिंग डाटा सीधा सर्वर पर चला जाएगा। जिससे रीडिंग संबंधित शिकायतें खत्म होंगी।मोबाइल ऐप्प पर बिजली खपत का पूरा विवरण मिलेगा। साथ ही ये सोलर पैनल लगाने पर भी उपयोगी होगा। इससे बिजली बचाने में मदद मिलेगी। एसडीओ ने बताया कि पोस्टपेड मीटर उपयोग करने के बाद महीने के अंत में बिल आता है,जिसे तय तारीख पर जमा करना होता है। एसमएलसी वागीश पाठक के आवास पर थ्री–फेज स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाने की कार्रवाई को पावर कॉरपोरेशन के स्मार्ट मीटर अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एमएलसी द्वारा अपने आवास पर स्मार्ट मीटर लगवाने की पहल करना,यह संदेश देता है कि वे भी आम नागरिक की तरह बिजली का सही और पारदर्शी हिसाब रखना चाहते हैं।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष की पिटाई, बिजली कनेक्शन विवाद में मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में शुक्रवार शाम बिजली कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष शमशाद घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी शमशाद पुत्र असरार अहमद ने गांव में लगे एक बिजली ट्रांसफार्मर से अपने घर का कनेक्शन करा रखा था। आरोप है कि शुक्रवार को कुछ लोगों ने उनके घर की बिजली केबिल काट दी, जिससे घर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस पर शमशाद जब विरोध जताने पहुंचे तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

शमशाद का आरोप है कि प्रधानी चुनाव की रंजिश के चलते शाये नवी व उसके साथियों ने जानबूझकर बिजली केबिल काटी और धमकी दी कि किसी भाजपा नेता के घर बिजली सप्लाई नहीं होने दी जाएगी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई, जिसमें शमशाद को चोटें आईं।

घटना के बाद शमशाद ने थाना दिवस के दौरान तहसीलदार सतेन्द्र कुमार सिंह को तहरीर दी। इसमें शाये नवी, शित्ते नवी, आले नवी और शाकिर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। तहसीलदार ने प्रभारी निरीक्षक को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घायल को सीएचसी बिसौली में उपचार के लिए भेजा गया है।

# कशेर पनौटा में जलभराव से हाहाकार

## कांग्रेसियों ने बीडीओ को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** ग्राम कशेर पनौटा में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेसजनों ने ग्रामीणों के साथ खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के नाम ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंपा। एडीओ पंचायत ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि तालाब तक पानी की निकासी के लिए बनी पुलिया बंद होने के कारण बरसात का पानी गांव के बाहर पीडब्ल्यूडी रोड, खेतों और मकानों के आसपास भर गया है। इससे गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उपले, गोबर और कूड़ा रखने का स्थान भी पानी में डूब गया है, जबकि धान की फसल और पौध को भारी नुकसान हो रहा है।



बीडीओ को ज्ञापन देते कांग्रेस के नेता व ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल जेसीबी मशीन लगाकर बंद पुलिया को खुलवाया जाए और पानी की निकासी तालाब तक कराई जाए, ताकि गांव में जलभराव से राहत मिल सके। इस दौरान 8 अगस्त के ऐतिहासिक अवसर पर कांग्रेसजनों और ग्रामीणों ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के आह्वान को याद करते हुए जनहित में एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी रजनी सिंह 'बागी' ने कहा कि जलभराव की स्थिति अत्यंत गंभीर है और प्रशासन को तुरंत प्रभावी कदम उठाकर ग्रामीणों व किसानों को राहत देनी चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बदायूं ओमकार सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को देश की अमूल्य धरोहर बताया। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोरपाल प्रजापति ने कहा कि जलनिकासी के साथ-साथ तालाब तक जाने वाले मार्ग की स्थायी व्यवस्था भी आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने कहा कि गांधी जी का 'करो या मरो' का संदेश आज भी समाज को जनहित के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर रामरतन पटेल, ओमप्रकाश प्रजापति, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष, क्लास हुसैन, अजय सिंह, प्रशांत प्रजापति, अवधेश मिश्रा, जयमल, राम सिंह, धर्मेंद्र, नरेश, हरिराम, विनय कुमार, प्रेमपाल, ओमपाल, दुर्गेश, नन्हे लाल प्रधान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# आई लव पाकिस्तान, आई हेट इंडिया'... फेसबुक पर देश विरोधी पोस्ट वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** फेसबुक पर किसी ने 'आई लव पाकिस्तान, आई हेट इंडिया' लिखकर पोस्ट की है। पोस्ट में पाकिस्तान का झंडा भी लगा है। पोस्ट डालने वाले का पता आईडी पर फैजगंज बेहटा लिखा हुआ है। हालांकि माना जा रहा है कि किसी ने फेक आईडी बनाकर युवती का फोटो लगाया है।

पोस्ट में भारत के खिलाफ बहुत ही आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं और पाकिस्तान की तारीफ की गई है। इसके स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वायरल स्क्रीनशॉट के मुताबिक, यह फेसबुक आईडी एक युवती की है जिसमें पता फैजगंज बेहटा और बिसौली लिखा गया है। आईडी की कवरपाकिस्तान का झंडा लगा हुआ है। नाजिया बी नाम से बनाई गई इस आईडी में एक युवती की फोटो लगी है। पोस्ट में यह भी लिखा है कि 'मुझे पाकिस्तानी सीरियल पसंद हैं और भारतीय सीरियल से नफरत है। आई लव पाकिस्तान, आई हेट इंडिया।' माहौल खराब करने की नीयत से इस पोस्ट में कट्टर हिंदू नाम के एक अकाउंट सहित कुछ अन्य लोगों को भी टैग किया गया है। देश के खिलाफ ऐसी बातें लिखने से इलाके के लोग बहुत नाराज हैं।




फेसबुक आईडी पर अपलोड किया गया पाकिस्तान का झंडा व फोटो।

- **आपत्तिजनक बातें लिखकर माहौल खराब करने का प्रयास**
- **फैजगंज थाना क्षेत्र के किसी गांव का बताया जा रहा है युवक**

# मछली काटने के विरोध पर विवाद, धमकी का ऑडियो वायरल

**उसावां।** थाना क्षेत्र के वनबौसारी गांव में श्रावण मास के दौरान तालाब से मछली पकड़कर काटने-बेचने को लेकर विवाद हो गया। विरोध करने पर अभद्र भाषा और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा मामला बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शिकायतकर्ता संजय पुत्र बलवंत ने चार लोगों पर आरोप लगाए हैं। घटना से जुड़े ऑडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। एसओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की घटनाओं से व्यापारी परेशान, व्यापार मंडल ने कोतवाल से की सख्त कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश और भय का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता 'शोंटू' एवं जिला महामंत्री संजीव आहूजा के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल शहर कोतवाल संजय सिंह से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने हाल ही में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग उठाई।

व्यापारियों ने बताया कि बीते दिनों आधा दर्जन दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से प्रमुख बाजारों में रात्रि गश्त तेज करने और संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।



सदर कोतवाल संजय सिंह से चोरी की घटना के खुलासे को लेकर बात करते व्यापार मंडल के अधिकारी। –जागरण मोर्चा

इस संबंध में शहर कोतवाल संजय सिंह ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार कार्य कर रही हैं और जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों की मांग को ध्यान में रखते हुए बाजार क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता 'शोंटू' ने कहा कि जिस तरह से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो व्यापारियों का विश्वास डगमगा सकता है। उन्होंने नगर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

वहीं जिला महामंत्री संजीव आहूजा ने कहा कि आए दिन हो रही घटनाओं से व्यापारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि एक ठोस रणनीति बनाकर व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और चोरी की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

प्रतिनिधि मंडल में कपिल कालरा, अंकुश गांधी, दीपक वर्मा, राजीव वैश्य, राजेश गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## विभीषिका

### कदम नगला में गंगा का कहर, खेत समाए, 15 मकान व स्कूल पर मंडराया खतरा, प्रशासन ने शुरू किए बचाव

# गंगा कटान से स्कूल पर संकट गहराया, दीवार ढही, बुनियाद तक पहुंचा पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** तहसील दातागंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिठौली खाम के मजरा कदम नगला में गंगा नदी का कटान लगातार तेज होता जा रहा है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि गांव का वर्षों पुराना पूर्व माध्यमिक विद्यालय भी अब गंगा की जद में आ गया है। शुक्रवार को स्कूल के पिछले हिस्से की दीवार भरभराकर गंगा में समा गई, जिससे अब पानी स्कूल की बुनियाद तक पहुंच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो पूरा स्कूल कभी भी गंगा में समा सकता है।

कटान के चलते गांव के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कई बीघा कृषि भूमि गंगा में समा चुकी है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। इसके साथ ही करीब 15 मकान भी खतरे की जद में आ गए हैं। गांव में दहशत का माहौल है और लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कटान की सूचना पर गुरुवार को एसडीएम दातागंज बाढ़ खंड विभाग और राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को तत्काल कटान रोकने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य शुरू नहीं किया गया।



गंगा में समाई बाढ़ की चपेट में आई स्कूल की दीवार। –जागरण मोर्चा



घरों से निकलकर खेत में आए ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

ग्रामीण हरेंद्र चौहान, राकेश, अमित, सत्यवीर सिंह, आशीष, बृजेश, सुखवीर, राजवीर सिंह और साधू ने बताया कि उन्होंने पहले ही प्रशासन को संभावित खतरे से अवगत कराया था, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं हुई। अब स्कूल की दीवार गिरने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है।

वहीं, प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। एसडीएम दातागंज ने बताया कि बाढ़ खंड विभाग को तत्काल प्रभाव से कटान रोकने के लिए आवश्यक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिकता के आधार पर बचाव कार्य कराया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीम को अलर्ट रखा गया है।

बाढ़ खंड विभाग के अधिकारियों के अनुसार कटान प्रभावित स्थल पर अस्थायी सुरक्षात्मक कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही बालू की बोरियां, बोल्डर व अन्य सामग्री लगाकर कटान को रोकने का प्रयास किया जाएगा। इधर, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से जिलाधिकारी बदायूं से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कटान रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने और प्रभावित ग्रामीणों को राहत व सुरक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

# फाइल पर बहस से पहले ऑर्डर कराने का आरोप, पेशकार पर मारपीट का भी मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसीलदार न्यायालय में एक अधिवक्ता ने पेशकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। मामला तहसीलदार सुरेंद्र कुमार की कोर्ट से जुड़ा है, जहां एक फाइल पर बहस होनी थी, लेकिन उससे पहले ही कथित रूप से मिलीभगत कर ऑर्डर करा दिया गया।

पीड़ित अधिवक्ता राकेश शर्मा का आरोप है कि जिस वाद में बहस निर्धारित थी, उसमें बिना उनकी दलील सुने ही पेशकार ने पक्षकार से सांठगांठ कर आदेश पारित करा दिया। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और बहस का अवसर देने की बात कही, तो पेशकार ने अभद्र व्यवहार किया।

अधिवक्ता का आरोप है कि विरोध करने पर पेशकार ने उनके साथ मारपीट की, उनकी जैकेट फाड़ दी और गिरेबान पकड़ लिया। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अन्य अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए।



बिसौली तहसीलदार न्यायालय में मौजूद अधिवक्ता बात करते हुए।

इस घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अधिवक्ता राकेश शर्मा ने संबंधित पेशकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय जैसी जगह पर इस तरह की घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि न्याय प्रक्रिया की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती हैं।

मामले की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच की बात कही जा रही है। वहीं अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपित पेशकार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# दातागंज में आस्था का सैलाब: हजारों शिवभक्तों के साथ निकली ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव व पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने हवन-पूजन कर किया यात्रा का शुभारंभ, डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब, भीड़ देख थम गए लोगों के कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** सावन के पावन महीने में शनिवार को दातागंज में उस समय पूरा माहौल शिवमय हो गया, जब भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। दातागंज से कछला के लिए रवाना हुई इस यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। हाथों में कांवड़, माथे पर तिलक और भगवा वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं के उत्साह से शहर की गलियां और मुख्य मार्ग हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। आयोजकों के अनुसार, दातागंज में इससे पहले इतनी बड़ी कांवड़ यात्रा देखने को नहीं मिली।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव और भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने डॉ. शैलेश पाठक के साथ विधिवत हवन-पूजन और भगवान शिव की आराधना के बाद किया। पूजन के बाद जैसे ही यात्रा आगे बढ़ी, शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना। डीजे की भक्ति धुनों पर युवा कांवड़िए जमकर झूमते रहे। बनारस से आए कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियों ने भी श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। दातागंज के मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के कारण कई स्थानों पर यात्रा की रफ्तार धीमी हुई और कार्यक्रम निर्धारित समय से कुछ देर तक चलता रहा। इसके बावजूद शिवभक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए कछला की ओर बढ़ते रहे।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि दातागंज में हिंदुत्व और शिवभक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा है। हजारों शिवभक्तों का कांवड़ यात्रा में शामिल होना सनातन आस्था के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा को दर्शाता है। उन्होंने सभी शिवभक्तों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी के मंगल की कामना की।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने डॉ. शैलेश पाठक की ओर से आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि वह जनता के बीच रहकर जनहित के कार्यों में लगातार सक्रिय रहते हैं। लोगों के बीच उनकी सक्रियता और जुड़ाव का अंदाजा यात्रा में उमड़ी भीड़ से लगाया जा सकता है। डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि हजारों शिवभक्तों के उत्साह से दातागंज पूरी तरह शिवमय हो गया है। उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं, शिवभक्तों, स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का आभार जताया। दातागंज से कछला की ओर बढ़ी यात्रा का ग्राम पापड़, डहरपुर और सराय में भी जोरदार स्वागत हुआ। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहले से मौजूद रहे और श्रद्धालुओं का स्वागत कर यात्रा को आगे रवाना किया। यात्रा में बनारस से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों और डीजे शर्मा की भक्ति धुनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। युवा कांवड़िए हाथों में कांवड़ लेकर जमकर नृत्य करते नजर आए। पूरे यात्रा मार्ग पर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे।

कार्यक्रम में राकेश वर्मा, मनोज सोलंकी, आकाश वर्मा, रमेश कश्यप, सुधीर अग्निहोत्री, शिवम् पांडे, अरविंद अग्निहोत्री, सुधीर पाठक, प्रेमपाल शर्मा, राजभान सिंह, प्रवेश कुमार सिंह, सोरन कश्यप, ओमेंद्र कश्यप, राजेश गुप्ता खन्ना, श्रीनिवास गुप्ता, प्रमोद सक्सेना, सपू गुप्ता, अफजाल अंसारी, इशहाक अहमद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और शिवभक्त मौजूद रहे।


दातागंज से कांवड़ यात्रा शुरू होते हुए। –जागरण मोर्चा


भीड़ ने तोड़ा रिकार्ड। –जागरण मोर्चा


भारी भीड़ के साथ निकली यात्रा। –जागरण मोर्चा

### जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, दिखी सामाजिक सौहार्द की तस्वीर

कांवड़ यात्रा के दौरान दातागंज में सामाजिक सौहार्द की मिसाल भी देखने को मिली। अरेला मोहल्ले में मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद मंदिरिया चौराहे पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया और डॉ. शैलेश पाठक को राम नाम का पटका पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य चौराहे पर व्यापारी समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। व्यापारियों ने जेसीबी के माध्यम से कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा की। फूलों की बारिश के बीच शिवभक्तों ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

# मक्का के खेत में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** तहसील बिसौली क्षेत्र के थाना फैजगंज बेहटा इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है, जब गांव का ही एक किशोर बच्ची को बहला-फुसलाकर मक्का के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता के परिजनों में हड़कंप मच गया। बच्ची के पिता ने तत्काल थाने पहुंचकर आरोपी किशोर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फैजगंज बेहटा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने पीड़ित बच्ची को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा, जहां उसका मेडिकल कराया गया। वहीं आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिलते ही पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच भी तेजी से की जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं परिजन बच्ची के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मण्डलायुक्त-डीआईजी ने लिया कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। शुक्रवार को मण्डलायुक्त बरेली शंभु कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय साहनी ने अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों को फल एवं प्रसाद वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।


कांवड़ियों से सुरक्षा की जानकारी लेते मंडलायुक्त व डीआईजी। –जागरण मोर्चा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पार्किंग स्थलों, रूट डायवर्जन, कंट्रोल रूम, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। विशेष रूप से पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और साफ-सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गंगा घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई जाए।

अधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सहायता, पार्किंग प्रबंधन और यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों का आवागमन सुरक्षित, सुगम और निर्बाध बना रहे। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र और डीजे का प्रयोग शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई करने को कहा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर बदायूँ अभिषेक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### बारह वफाद की सजावट को लेकर दबतोरा में बढ़ा तनाव, पुलिस ने खुराफातियों पर कसी लगाम

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दबतोरा में आगामी बारह वफाद पर्व की सजावट को लेकर दो समुदायों के बीच पैदा हुए विवाद को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुराफातियों की पहचान कर उन्हें मुचलका पाबंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जबकि गोपनीय विभाग भी पूरे मामले पर नजर रखते हुए उच्च अधिकारियों को लगातार रिपोर्ट भेज रहा है। दबतोरा गांव लगभग पांच हजार की आबादी वाला मिश्रित समुदाय का गांव है, जहां दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। बीते वर्ष बारह वफाद के अवसर पर की गई सजावट को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। उस समय एक समुदाय के लोगों द्वारा गांव की गलियों और घरों को भव्य तरीके से सजाया गया था, जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन सजावट के कारण रास्ता संकरा हो जाने से दूसरे समुदाय के ट्रैक्टर का निकलना मुश्किल हो गया, जिससे विवाद बढ़ गया था। बाद में पुलिस और प्रशासन के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों में समझौता कराया गया था। इस वर्ष 26 अगस्त को होने वाले बारह वफाद पर्व को लेकर एक समुदाय के लोगों ने सजावट का ठेका दूसरे समुदाय से जुड़े एक कारोबारी को दे दिया। इसकी जानकारी मिलते ही दूसरे समुदाय के लोग विरोध में लामबंद होने लगे, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। मामले को लेकर एक पक्ष के लोग तहसील प्रशासन से भी मिले और अपनी आपत्ति दर्ज कराई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस और गोपनीय विभाग सक्रिय हो गए हैं। प्रशासन द्वारा गांव के हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है और संभावित खुराफातियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। चौकी इंचार्ज दबतोरा विक्रांत आर्या ने बताया कि गांव में अमन-चैन बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी और जो भी व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सोते समय सर्प दंश से युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**औरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मुड़िया धुरेकी में बीती रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां सोते समय सांप के काटने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।


मृतक का फाइल फोटो।

मृतक की पहचान चुन्नी लाल पुत्र पुरन लाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार चुन्नी लाल रात में अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।


पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिजन। –जागरण मोर्चा

परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि चुन्नी लाल पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसके चार भाई और एक बहन है। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी भी उसी पर थी। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम पसरा हुआ है और गांव के लोग भी गमगीन हैं।

सूचना मिलने पर फैजगंज बेहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सर्प दंश का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बरसात के मौसम में जिले में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, घर के आसपास साफ-सफाई रखें और सांप के काटने पर झाड़-फूंक के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराएं।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, पांच पर मुकदमा

**उझानी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झब्बू नगला निवासी एक पिता ने अपनी बेटी के साथ दहेज को लेकर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित नीरज कुमार के अनुसार उन्होंने बेटी अंजली की शादी 15 अक्टूबर 2024 को शाहबाजपुर निवासी सुरेन्द्र शाक्य से की थी और करीब 30 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष ब्रेजा कार की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गंगा का बढ़ता जलस्तर: सहसवान में एसडीएम गौरव आर्य का निरीक्षण, प्रशासन अलर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान तहसील क्षेत्र में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित बाढ़ के खतरे के मद्देनज़र शुक्रवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) गौरव आर्य ने गंगा तटीय क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने महावा बांध सहित वीर सहाय, नगला खागी और बमरोलिया गंगा घाट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और बाढ़ से बचाव के इंतजामों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।


सहसवान में गंगा घाट का निरीक्षक करते हैं एसडीएम। –जागरण मोर्चा

एसडीएम गौरव आर्य ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संसाधनों को तैयार रखें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की संभावना को देखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान एसडीएम ने तटीय गांवों के ग्रामीणों से भी संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि बढ़ते जलस्तर के चलते बच्चों को नदी किनारे न जाने दें और गंगा घाटों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना देने की अपील की।

- **बाढ़ के खतरे को लेकर सक्रिय प्रशासन, एसडीएम ने तटीय गांवों में किया दौरा**

प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि गंगा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। राजस्व, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें। स्थानीय प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी संभावित बाढ़ स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**तैयारी** — श्रावण में शिवभक्तों को स्वच्छ मार्ग देने की तैयारी, बदायूं में शुरू हुआ रात्रिकालीन सफाई अभियान

# कांवड़ मार्ग पर रातभर चलेगा सफाई अभियान, पालिका चेयरमैन फात्मा रज़ा ने दिखाई हरी झंडी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण माह में कांवड़ लेकर गुजरने वाले शिवभक्तों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका ने विशेष पहल करते हुए कांवड़ मार्ग पर रात्रिकालीन सफाई अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार देर शाम पालिका चेयरमैन फात्मा रज़ा ने मढ़ई चौक और डीएम चौराहे से विशेष सफाई टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


सफाई करने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती अध्यक्ष फात्मा रजा। –जागरण मोर्चा

श्रावण माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कांवड़िए नगर से होकर गुजरते हैं। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए पालिका ने कांवड़ मार्ग समेत उससे जुड़े प्रमुख रास्तों, बाजारों, चौराहों और शिव मंदिरों के आसपास रातभर सफाई व्यवस्था लागू की है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सुबह तक पूरा मार्ग स्वच्छ और व्यवस्थित रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पालिका चेयरमैन फात्मा रज़ा ने कहा कि श्रावण माह आस्था और श्रद्धा का पर्व है और इस दौरान हजारों शिवभक्त नगर से गुजरते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और सभी के सहयोग से ही नगर को साफ-सुथरा रखा जा सकता है।

विशेष अभियान के तहत अलग-अलग टीमों को कांवड़ मार्ग के विभिन्न हिस्सों में तैनात किया गया है। ये टीमें सड़क पर जमा कचरे को तत्काल हटाने, नालियों की सफाई करने और नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करेंगी। इसके अलावा धूल नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव भी किया जाएगा। जहां कहीं भी गंदगी मिलेगी, वहां तुरंत सफाई कराई जाएगी।

पालिका अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि कहीं भी लापरवाही न हो और कांवड़ मार्ग पूरी तरह स्वच्छ बना रहे। उन्होंने नगरवासियों और व्यापारियों से भी अपील की कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें। जनसहभागिता के बिना किसी भी स्वच्छता अभियान को सफल बनाना संभव नहीं है, इसलिए सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए।

# सोशल मीडिया पर कृष्ण जन्मभूमि को लेकर अपील, युवक की तलाश में पुलिस

**बिसौली।** दबतोरी क्षेत्र के भरतपुर निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि को लेकर लोगों से अयोध्या कार सेवकों की तरह जुटने की अपील करने से क्षेत्र में हलचल मच गई। पोस्ट को तेजी से समर्थन मिलने पर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया।

कोतवाली प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पुलिस टीम युवक की तलाश में जुटी रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामीणों के अनुसार युवक बाहर नौकरी करता है। पुलिस का कहना है कि मामले में पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बनवास ख़त्म : 14 साल बाद हुए चुनाव में सचिव पद पर विजयी हुए डॉ. मोहित यादव, दो वोट से विजयी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) संघ, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के तहत जिला शाखा बदायूं की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु शुक्रवार को जिला चिकित्सालय (पुरुष) के सभागार में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुई।



जीत के बाद खुशी मनाते हुए डॉक्टर संघ के लोग। –जागरण मोर्चा

चुनाव में सचिव पद पर हुए मुकाबले में डॉ. मोहित यादव ने डॉ. रश्मि दीप गंगवार को बेहद कांटे की टक्कर में दो मतों से पराजित किया। कुल 74 वैध मत पड़े, जबकि एक मत निरस्त घोषित किया गया। डॉ. मोहित यादव को 38 और डॉ. रश्मि को 36 मत प्राप्त हुए। इस चुनाव की खास बात यह रही कि करीब 14 साल बाद सचिव पद पर मतदान हुआ, जिससे चिकित्सकों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार वर्मा लगातार दूसरी बार निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए। चिकित्सकों ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुनः संगठन की कमान सौंपी। परिणाम घोषित होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गवेन्द्र कुमार गुप्ता एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. नरेश पाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। डॉ. राजेश वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे चिकित्सकों के हितों की रक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। निर्वाचन अधिकारियों ने सफल एवं निष्पक्ष चुनाव में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, प्रशासन और पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**एक नजर**

### मंदिर के पेड़ काटने के विरोध में बाबा को पीटा, तीन पर मुकदमा

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुजारी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला थाना क्षेत्र के बबुरा गांव के जंगल में बने मंदिर का है। क्षेत्र के ही मुबारकपुर गांव निवासी पुजारी वेदपुरी पुत्र नन्दकिशोर जोकि काफी लंबे समय से बबुरा गांव के जंगल में बने प्राचीन मंदिर ( मणि) पर देख रेख में रह रहे थे। पुजारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने मंदिर पर लगे पॉपुलर के कुछ पेड़ कटवाने के लिए बेच दिए थे। जिसको लेकर क्षेत्र के ही सैंड्रा गांव निवासी तुलाराम रंजिशन रख रहा था। जब पुजार देवपुरी बीते दिन शुक्रवार दोपहर मंदिर पर पेड़ देखने गए तो लगभग 15 पेड़ कट चुके थे। इस दौरान तुलाराम अपने दो भाइयों और बेटों के साथ लाठी डंडे लेकर आ धमका और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान आसपास काम कर थे लोगों को आता देखा तो मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# पुलिस की बैरिकेड तोड़ कार ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

## युवक की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम, छह घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्पताल में बैठे मृतक के पररिजन। -जागरण मोर्चा

**मसवासी।** मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने शुक्रवार रात मानपुर तिराहे पर पुलिस बैरिकेड तोड़ते हुए बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार युवक की गर्दन कटने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और तीन वर्षीय बेटी समेत छह लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे मानपुर तिराहे पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने सबसे पहले लोहे के पुलिस बैरिकेड को टक्कर मारी। इसके बाद बैरिकेड की चपेट में शिकारपुर निवासी मोहम्मद आरिफ (30) आ गए, जो अपनी बाइक के पास खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहे थे। हादसे में उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक पर सवार उनकी पत्नी तबस्सुम और तीन वर्षीय पुत्री सोफिया गंभीर रूप से घायल हो गईं।बैरिकेड तोड़ने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई, जिससे उसमें सवार चार लोग भी घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को स्वार से जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है कार्यवाहक चौकी इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया की अभी किसी पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

## चार घंटे बिजली नहीं आने पर उपभोक्ता पसीने में तर-बितर

**रामपुर।** शहर के पहाड़ी गेट, पनवड़िया उपकेंद्रों से चार घंटे बिजली ठप होने से उपभोक्ता हाल-बेहाल हो गए। वह पसीने में तर-बितर हो गए। उधर बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने निगम के अधिकारियों से संपर्क साधा गया। पहाड़ी गेट उपकेंद्र से जुड़ा भावनपुरी एवं चपटा कॉलोनी रोड, जबकि पनवड़िया उपकेंद्र से आ रही कोठी जब्बार खान, मौलवी साहब की मजार, तीतर वाली पाकड़ क्षेत्र की चार घंटे तक बिजली ठप रही। उपखंड अधिकारी तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि पहाड़ी गेट, पनवड़िया उपकेंद्र की 11 केवी लाइन के बीच पेडों पर आ रही टहनियों को कटाई-छटाई का कार्य समय को देखते हुए कार्य कराया गया है। दोनों क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक की आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा, जिससे कि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति मिले। कार्य कराए जाने से पहले समय-सीमा को विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है।

# भगवा रंग में रंगने लगा दिल्ली-लखनऊ हाईवे

## 10 अगस्त को होगा सावन का दूसरा सोमवार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सुरक्षा के लिहाज से हाईवे पर तैनात पुलिस बल। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सावन माह शुरू हो गया। सावन माह का दूसरा सोमवार 10 अगस्त का होगा। जिसको देखते हुए अब हाईवे भगवा रंग में हो गया।ब्रजघाट और हरिद्वार से कांवड़ लेकर शिव भक्तों का लौटना शुरू हो गया है।

शनिवार को हाईवे से दिन भर कांवड़ियों के जत्थे गुजरते रहे। भोले बाबा के भजन बजते रहे। सावन माह का चल रहा है। जिसमें भारी संख्या में भक्त ब्रजघाट और हरिद्वार से जल लाकर प्राचीन मंदिरों में लाकर चढ़ाते हैं। गुरुवार को कुछ भक्त कांवड़ लाने के लिए रवाना हो गए थे। जिसके बाद अब शनिवार से भक्त जल लेकर वापसी कर गए थे। 10 अगस्त को सावन का दूसरा सोमवार होगा। जिसमें भक्त जल चढ़ाएगे। उसी को देखते हुए पूरे दिन हाईवे भगवा रंग में नजर आया।मंदिरों में साफ सफाई का काम चल रहा था। इस दौरान हाईव पर बुलडोजर बाबा और भोले बाबा के भजन बजते रहे। सिविल लाइन और अजीतपुर क्षेत्र में भगवा रंग के कपड़े और झंडे बिक रहे हैं बाइक सवार कांवड़ लेने जाने के दौरान उनको खरीदकर बाइकों पर लगा रहे हैं।ताकि लोगों को पता रहे कि भक्त कांवड़ लेने जा रहे हैं।

### सुरक्षा के लिहाज से जगह-जगह लगाए गए बैरियर

भारी वाहनों के लिए रुट डायवर्ट कर दिया गया है। ताकि वाहनों की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी नहीं हो सके। इसके साथ ही शहर के अंदर भी जगह-जगह बैरियर लगाकर रास्तों को बंद कर दिया गया है। वाहनों तक को नहीं आने दिया जा रहा है। टीआई राजीव कुमार ने बताया कि कांवड़ियों के सुरक्षा पूरी तरह है। जगह-जगह पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

## शाहबाद कोतवाली में एएसपी और एसडीएम ने सुनी लोगों की फरियादें



थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में एडिशनल एसपी अनुराग सिंह और एसडीएम आदेश कुमार ने संयुक्त रूप से लोगों की शिकायतों को सुना और उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। शाहबाद कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 4 शिकायती पत्र आए जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बची हुई दो शिकायतों को निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस दौरान सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार, कोतवाल रणवीर सिंह, अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां आदि रहे।

# ई-संजीवनी ओपीडी से संवर रही गांव-देहात की सेहत, जून तिमाही में दर्ज हुए 1.25 लाख परामर्श

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत संचालित ई-संजीवनी ओपीडी योजना के जरिए जिले के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं की तस्वीर तेजी से बदल रही है। दूरदराज के गांवों में रहने वाले मरीजों को अब विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह के लिए जिला अस्पताल या बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, बल्कि वे अपने गांव के पास ही डिजिटल माध्यम से सीधे डॉक्टरों से जुड़कर मुफ्त इलाज प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. दीपा सिंह द्वारा ई-संजीवनी पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर जारी रिपोर्ट के जिले के 203 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से अप्रैल से जून की तिमाही के दौरान कुल 1,25,347 टेली-कंसल्टेशन (ऑनलाइन डॉक्टरी परामर्श) प्रदान किए गए थे। इस शानदार प्रदर्शन के बल पर रामपुर ने पूरे प्रदेश और मुरादाबाद मंडल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। आंकड़ों के अनुसार, जहां प्रदेश में रोजाना प्रति केंद्र औसतन 4 से 5 मरीजों (4.7) को ही ऑनलाइन परामर्श मिल पा रहा था, वहीं रामपुर में प्रति केंद्र यह आंकड़ा रोजाना औसतन 8 से 9 मरीजों (8.3) का रहा। इस तरह पूरे जिले में रोजाना 1,600 से अधिक मरीज ई-संजीवनी का लाभ उठा रहे हैं। अकेले जून महीने में ही 44,145 ग्रामीण मरीजों को घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सलाह उपलब्ध कराई गई थी।स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो जिले के सभी सातों ब्लॉकों में ई-संजीवनी ओपीडी का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। शाहबाद ब्लॉक में 45 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से तिमाही में सर्वाधिक 27,105 परामर्श दिए गए, जिनमें अकेले जून माह में 9,724 परामर्श शामिल रहे।

दूसरे स्थान पर रहे मिलक ब्लॉक के 35 केंद्रों के जरिए कुल 22,768 मरीजों को डिजिटल इलाज मिला, जिसमें जून में 8,007 परामर्श दर्ज किए गए। इसके अलावा सैदनगर के 31 केंद्रों से 18,205, बिलासपुर के 28 केंद्रों से 17,294, चमरौआ के 24 केंद्रों से 15,995 तथा स्वार ब्लॉक के 25 केंद्रों से 15,890 मरीजों को परामर्श मिला। सबसे कम 15 केंद्रों वाले टांडा ब्लॉक में भी 8,090 मरीजों ने डिजिटल माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं लीं।प्रति केंद्र दैनिक परामर्श के मामले में रामपुर का प्रदर्शन राज्य के औसत से काफी बेहतर रहा है। उत्तर प्रदेश का राज्य औसत जहां 4.7 परामर्श प्रतिदिन प्रति केंद्र दर्ज है, वहीं रामपुर में तिमाही का कुल औसत प्रति केंद्र 8.3 और जून महीने का औसत 8.2 रहा। यानी जिले के प्रत्येक आरोग्य मंदिर में रोज औसतन 8 से 9 मरीजों का डिजिटल उपचार किया गया।

जून महीने में चमरौआ ब्लॉक प्रतिदिन प्रति केंद्र 9.7 (लगभग 9 से 10 मरीज) के औसत के साथ पूरे जिले में शीर्ष पर रहा। इसके अलावा मिलक ब्लॉक में दैनिक औसत 9.5, जबकि टांडा और शाहबाद ब्लॉकों में 9.0 दर्ज किया गया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से डॉक्टर से परामर्श लेने के प्रति लोगों की स्वीकार्यता और भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

**संक्षेप समाचार**

### एडिशनल एसपी ने शाहबाद के शिवमन्दिर पर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा



शाहबाद के शिवमन्दिर पर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते एएसपी और अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** सावन के दूसरे सोमवार को होने वाले जलाभिषेक की व्यवस्थाओं का लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने शाहबाद स्थित प्राचीन शिवमंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों से पार्किंग की व्यवस्था, जलाभिषेक के दौरान लगने वाली पंक्तियों की व्यवस्था और दूर दराज की पवित्र नदियों से जल लेकर आए कांवड़ियों द्वारा विशेष रूप से जल चढ़ाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। साथ ही साथ शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे पर कांवड़ियों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कमर्शियल वाहनों की आवाजाही को भी उनका मार्ग परिवर्तित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन, तहसीलदार अमित कुमार, कोतवाल रणवीर सिंह, एसआई आतिशय जैन मौजूद रहे।

### टूरिस्ट बस ने टेंपों को टक्कर मारी, 11 कर्मचारी घायल

**बिलासपुर।** बाईपास पर रामनगर पुल के पास एक तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने कर्मचारियों से भरे टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो पलट गया जबकि टक्कर मारने वाली बस उसे करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। गनीमत रही कि पुल की रेलिंग से टकराने के बाद टेंपो नीचे गिरने से बच गया। हादसे में टेंपो चालक सहित 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह टेंपो सिकरौरा और बेरखेड़ा गांव के निजी कर्मचारियों को लेकर टेमरा गांव स्थित गणेशा इकोस्पेयर लि0( धागा फैक्ट्री) जा रहा था। सभी कर्मचारी ड्यूटी पर जा रहे थे। रामनगर पुल के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टेंपो सड़क पर पलट गया और बस उसे घसीटते हुए करीब 20 मीटर दूर तक ले गई ।हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को टेंपो से निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा ।चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक ने बताया कि कई घायलों को टांके लगाने पड़े हैं ।किरन और रूबी को हायर सेंटर रेफर किया गया। घायलों में चालक सर्वजीत सिंह (35), नेहा (22), मधु (21), पूजा (20), सुनीता (28), रूबी (26), किरन (25), पलक (23), निधि (21), सिमरन (22) और राजू (20) शामिल हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि बस चालक हादसे के बाद फरार हो गया ।तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।चालक सर्वजीत ने बताया कि यह टैम्पो फैक्ट्री प्रबंध तंत्र की ओर से श्रामिक को लाने-ले जाने के लिए लगाए गए हैं। लेकिन इस में नियमों की सरासर धज्जियां उड़ती दिख रही ।चार से पांच सवारी की बजाए पूरी ग्यारह लोग सवार थें।

## गौसेवा कर समिति पदाधिकारियों ने लिया पुण्य लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सावन माह के पवित्र अवसर पर शनिवार को गौसेवा गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गौशाला पहुंचकर गोमाता की सेवा की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने गायों को तिलक कर चंदन लगाया तथा उन्हें हरा चारा, गुड़ और लौकी खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा जी ने कहा कि सावन का महीना अत्यंत पवित्र माना जाता है। चारों ओर हरियाली और प्रकृति की सुंदरता के बीच गोसेवा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि गाय से हमें दूध, दही, मक्खन सहित अनेक उपयोगी पदार्थ प्राप्त होते हैं। सनातन परंपरा में गाय को पूजनीय माना गया है और मान्यता है कि गोमाता के शरीर के प्रत्येक अंग में देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से गोसेवा के लिए आगे आना चाहिए।उन्होंने कहा कि गोसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की सेवा भी है। उन्होंने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार से अपील की कि गाय को विधिवत गौ माता का दर्जा दिलाने तथा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा समय-समय पर गौशालाओं में पहुंचकर गोसेवा की जाती है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार गोसेवा में योगदान दें और गोवंश के संरक्षण के लिए समाज को जागरूक करें।इस अवसर पर महिला अध्यक्ष मीना अग्रवाल, अमित कुमार, सरस्वती अग्रवाल, एडवोकेट विनोद श्रीवास्तव, मधु बंसल, राजकुमार सिंह, संजीव एडवोकेट एवं वरिष्ठ अधिवक्ता,वेद प्रकाश गुप्ता सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ की विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के फाजलपुर रोड स्थित केंद्र कार्यालय पर शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेम नरेश ने बताया कि 14 अगस्त को अंबेडकर पार्क से विशाल ई-रिक्शा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान युवक राष्ट्रीय ध्वज लेकर सबसे आगे चलेंगे। वहीं, ई-रिक्शाओं पर तिरंगे झंडे लगाए जाएंगे और डीजे पर देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरेगी।

## एसडीएम व तहसीलदार ने जल निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण



शाहबाद में जल निगम के द्वारा कराए जा रहे कामों का जायज़ा लेते एसडीएम आदेश कुमार और तहसीलदार अमित -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर क्षेत्र में जल निगम द्वारा कराए जा रहे कामों का एसडीएम आदेश कुमार और तहसीलदार अमित कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान नगर में बिछाई जा रही पाइपलाइन के काम को देखा।दोनों अधिकारियों ने मुख्य बाजार सहित नगर की अन्य गलियों में पहुंचकर कार्य का जायज़ा लेते हुए काम को समय से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जल निगम के जेई अंकित सौरभ तथा कार्यदाई संस्था के इंजीनियर आसिफ हुसैन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उन गलियों पर विशेष ध्यान दिया, जहां पाइपलाइन बिछाने के लिए इंटरलॉकिंग खोदी गई है, और उसे शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

**कार्यक्रम** | मंढोली शक्ति केंद्र की बैठक में बोले शहर विधायक आकाश सक्सेना

# वोटबैंक की राजनीति में ठप हो गया था रामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास : आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते विधायक आकाश सक्सेना। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि लंबे समय तक वोटबैंक की राजनीति के कारण रामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित रहा। गांवों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य अधूरे पड़े रहे, लेकिन जब से रामपुर में भाजपा की जीत हुई है, तब से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास कार्यों को गति मिली है। अब विकास कार्य लोगों के चेहरे देखकर नहीं, बल्कि क्षेत्र की आवश्यकता और प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। वह ग्राम ठाकुरद्वारा में आयोजित मंढोली शक्तिकेंद्र की बैठक में बोल रहे थे।विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। जिस क्षेत्र में जिस कार्य की आवश्यकता है, वहां उसी के अनुरूप योजनाएं तैयार कराकर काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामपुर के ग्रामीण इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अनेक परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पहले की अपेक्षा बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। शहर विधायक ने कहा कि पहले राजनीतिक समीकरणों के आधार पर विकास कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने की शिकायतें सामने आती थीं। इसका सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ा। अब व्यवस्था में बदलाव आया है और विकास की प्राथमिकता जनता की जरूरत को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य रामपुर को विकास के मामले में मजबूत बनाना और प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में भी रामपुर के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी और जो क्षेत्र अभी विकास की मुख्यधारा से पीछे हैं, वहां आवश्यकतानुसार कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने ठाकुरद्वारा गांव में विधायक निधि से बनी दो सड़कों का भी उदघाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल सिंह लोधी, ग्राम प्रधान राजीव ठाकुर, राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष सना खानम ने जन्मदिन पर मरीजों, अनाथालय में बांटे फल

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिला अस्पताल में रोगियों को फल वितरित करतीं पालिकाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम जन्मदिन सेवा भाव से मनाया। उन्होंने ज़िला अस्पताल, राजकीय बाल गृह, कांशीराम कॉलोनी में जाकर जरूरतमंदों के बीच फल, पेंसिल किट व पेंसिल बॉक्स वितरित किए। पालिकाध्यक्ष के साथ ज़िला अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात, हालचाल जानकर फल वितरित किए। इसके बाद मोहल्ला अंगूरी बाग स्थित राजकीय बाल गृह शिशु, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में अनाथ व बेसहारा बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। बच्चों को पेंसिल किट एवं फल वितरित किए। इस अवसर पर बाल गृह परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। पहाड़ी गेट, कांशीराम कॉलोनी में स्कूली बच्चों को पेंसिल बॉक्स वितरित किए गए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के चेहरे की खुशी ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना, समाज सेवी मामून शाह खान, सैयद फैसल हसन, शैज़ी सैफी, रहमान अली अंसारी, शुभम रस्तोगी, कम्मू, गुड्डू खान, यूनुस खान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पिता से नोंक-झोंक के बाद युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, रेफर

**चंदौसी।** बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेटा क्षेत्र के गांव औरछी निवासी युवक ने पिता से विवाद के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेटा क्षेत्र के गांव औरछी निवासी युवक रवि अपने पिता बदन सिंह के साथ शनिवार दोपहर 12 बजे पथरी की दवाई लेने चंदौसी आया था पिता ने मेडिकल से दवा दिला दी इस बात पर युवक खफा हो गया और पिता से नोकझोंक करने लगा। इसके बाद युवक ने बाजार में बिक रही चूहे मार दवा खरीद ली और उसका सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर पिता ने पुत्र को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# गुरु रविदास की जयंती पर निकली कलश बंधन यात्रा

## राज्यमंत्री गुलाब देवी ने दिया समानता का संदेश, कहा- कर्म से होती है इंसान की पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर पार्टी द्वारा संचालित समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश बंधन यात्रा का आयोजन किया गया।

शनिवार को यात्रा का स्वागत रघुनाथ आश्रम में किया गया इसके उपरांत यात्रा हनुमान मंदिर, शिव मंदिर (सेमरटोला), देवी मंदिर (खुर्जागेट) होते हुए खुर्जागेट स्थित वाल्मीकि मंदिर पर संपन्न हुई। यहां सभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को समानता, सद्भाव, प्रेम और मानवता का संदेश दिया।



कलश बंधन यात्रा में कलश लेकर निकलती राज्य मंत्री गुलाब देवी व भाजपा पदाधिकारी।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि इंसान की पहचान उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म और विचारों से होती है। उनका अमर संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा, आज भी समाज को सच्चाई और सद्भाव की राह दिखाता है। गुरु रविदास के विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहें। जिला उपाध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक अर्जुन बाल्मीकि ने कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन संदेश समाज में भेदभाव मिटाकर एकता और सौहार्द स्थापित करने की प्रेरणा देता है। जिला मंत्री चरन सिंह भारती ने संत गुरु रविदास के जीवन दर्शन, सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व के संदेशों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंजू दिलेर, सुधीर मल्होत्रा, अंकुर अग्रवाल, तरुण कुमार नीरज, रोहित दिवाकर, आशा गोस्वामी, आकाश आहूजा, नरेश लोधी, मनोज दिवाकर, गिरीश रतन,कैलाश चटवाल, संजय राजौरिया,राहुल वाल्मीकि, क्रांति कुमार, सूर्यजीत सिंह, धारा सिंह, विनीत वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा, दीपांशु बंसल, सच्चिदानंद शर्मा, प्रतिभा चौधरी, शीला सागर, डॉ वीरेश सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



चंदौसी में झांकियां तैयार करतें कावड़ सेवा समिति के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# शिवरात्रि पर निकाली जाएगी शिव बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कावड़ सेवा समिति द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष में शिव बारात निकाली जाएगी इसको लेकर समिति के पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई। कावड़ सेवा समिति द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष में सोमवार को शिव बारात निकाली जाएगी बैठक में पदाधिकारी ने बताया कि कलाकारों ने शिव बारात में निकलने वाली झांकियां को अंतिम रूप देना आरंभ कर दिया है मीडिया प्रभारी ज्ञान विकास शर्मा ने बताया शिव की बारात का मुख्य आकर्षण भजन सम्राट अशोक बिहानी जी रहेंगे समिति के अध्यक्ष कमल कुमार ने बताया की शिव की बारात बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली जाएगी हीरालाल ज्योति ने बताया की शिव की बारात में मुख्य आकर्षण का केंद्र 12 ज्योतिर्लिंग में तिरुपति बालाजी के दर्शन रहेंगे और शिव परिवार झांकियां में सहयोग देने वाले कलाकार अमर शर्मा, नवल किशोर, हीरालाल, ज्योति, संजीव, मुकेश, मानव, आशीष, सुमित शर्मा पंकज मौर्या प्रेम यादव गिरिराज किशोर नरेश चंद टोपी व यश शर्मा लगे हैं।

### सोते समय युवक को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर काशी में शनिवार की सुबह बेड पर सो रहे एक युवक को सांप ने डस लिया। परिजनों ने आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर काशी निवासी समीर (पुत्र साबिर) सुबह अपने बेड पर सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसके हाथ में डस लिया। बेड पर सांप को देखते ही युवक की चीख निकल गई। शोर सुनकर पहुंचे परिजन उसे तुरंत बाइक से सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है।

# विभिन्न विद्यालयों में भव्य 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार जनपद के परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक एवं देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विद्यालय परिसरों एवं दीवारों पर तिरंगा रंगोली, वॉल पेंटिंग एवं देशभक्ति विषयक चित्रकारी तैयार की। छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से तिरंगे, अशोक चक्र, भारत माता,




तिरंगा अभियान के दौरान रंगोली बनातीं छात्राएं। –जागरण मोर्चा

स्वतंत्रता दिवस तथा 'जय हिन्द' और 'वंदे मातरम्' जैसे संदेशों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई तिरंगा रंगोलियों में केसरिया, सफेद एवं हरे रंगों के साथ अशोक चक्र को प्रमुखता से उकेरा गया। कई विद्यालयों में छात्राओं ने सामूहिक रूप से आकर्षक रंगोली तैयार कर उसके चारों ओर फूलों एवं विभिन्न कलात्मक आकृतियों से सजावट की। वहीं विद्यालयों की दीवारों पर बनाई गई वॉल पेंटिंग में तिरंगा थामे बच्चों, देशभक्ति के संदेशों तथा स्वतंत्रता दिवस से जुड़े चित्रों को स्थान दिया गया। छात्राओं ने समूह में कार्य करते हुए दीवारों पर रंग भरकर देशभक्ति की भावना को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया। कहीं छात्राएं दीवारों पर तिरंगा चित्र उकेरती नजर आईं तो कहीं विद्यार्थी रंगोली को अंतिम रूप देते दिखाई दिए। एक विद्यालय में छात्राओं ने 'वंदे मातरम्' लिखकर तिरंगा रंगोली तैयार की, जबकि अन्य स्थानों पर 'जय हिन्द' सहित देशभक्ति संदेशों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने शैक्षिक एवं रचनात्मक विषयों से जुड़ी पेंटिंग के माध्यम से विद्यालय की दीवारों को भी आकर्षक रूप प्रदान किया। जनपद के श्रीअक्रूर जी कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी, श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज, एफ.आर. इंटर कॉलेज, रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज, इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल, जेयू इंटर कॉलेज सम्भल, हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज बहजोई, जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी एवं राष्ट्र सेवा सदन इंटर कॉलेज भकरौली सहित विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वॉल पेंटिंग में आराध्या सक्सेना कक्षा 9, तेजस्विनी कक्षा 9 एवं कोमल कक्षा 11 सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वहीं तिरंगा रंगोली एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में मानवी कक्षा 10, दीक्षा कक्षा 9, परी दीक्षित कक्षा 9, नैना, स्वाति, खुशबू, रिया, सलोनी, हर्षिता, प्रिय, ऋतु शर्मा एवं इंदिरा रस्तोगी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह वर्तबाल सहित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### स्वदेशी व्यापारी मंच के उमेश बने अध्यक्ष

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जवाहर रोड पर संपन्न हुई। जिसमें व्यापार मंडल कोर कमेटी स्वदेशी व्यापारी मंच का अध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय को बनाया गया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने उमेश चंद्र वार्ष्णेय को मंच का अध्यक्ष मनोनीत किया। शीघ्र स्वदेशी व्यापारी मंच की सदस्यों की घोषणा की जाएगी। कोर कमेटी ने रमेश ग्रेवाल को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष की मीडिया प्रभारी की भूमिका निभाएंगे यह स्थान शाह आलम मंसूरी के इस्तीफा के कारण खाली हुआ है। जिसमें उमेश चंद्रा वार्ष्णेय, अनुराग भार्गव, बिगुल महाजन, रमेश ग्रेवाल, प्रभात कृष्णा, संजीव अग्रवाल, राजू चड्ढा, चिंटू शर्मा, सुभाष मित्तल, सागर गुप्ता आदि मौजूद है।



चंदौसी के विद्यालय में प्रधानाचार्य से चोरी की जानकारी करती पुलिस।

# विद्यालय से 40 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए चोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के फव्वारा चौक के पास प्राथमिक विद्यालय से चोर सामान चोरी कर ले गए घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। प्रधानाध्यापक अजय शर्मा के अनुसार वह शनिवार को प्राथमिक विद्यालय गाँधी व राजेन्द्र प्रसाद में सुबह 7:40 बजे पहुंचे। उन्हें विद्यालय का ताला खोलने पर देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था व विद्यालय के कक्षों मैं पहुंचे तो वेंटिलेटर की सरिया कटी हुई थी चोर विद्यालय से दो एलईडी टीवी तथा एक इंफेक्शन को चोरी करके ले गए। जिनकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये बताई जा रही है। जबकि यह स्कूल कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी कर सीसीटीवी फुटेज चेक किए प्रधानाध्यापक ने चोरी की तहरीर कोतवाली में दी है।

# शादी का झांसा देकर महिला से 2 वर्ष तक बनाए शारीरिक संबंध, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी महिला का आरोप है कि निकाह का झांसा देकर युवक दुष्कर्म करता रहा। महिला ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी महिला का आरोप है कि उसके पति की मृत्यु वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान हो गई थी। उनके तीन बच्चे हैं। पति की मृत्यु के बाद से वह मेहनत-मजदूरी और कपड़ों की सिलाई करके अपना और अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। लगभग 3 वर्ष पूर्व इब्राहिम निवासी बिसैली गजरौला, जिला अमरोहा का रहने वाला है। उसने किसी के माध्यम से महिला का मोबाइल नंबर ले लिया था। आरोपी इब्राहिम ने महिला को अपने प्रेमजाल में फंसाया और झूठे वादे किए। उसने कहा कि वह उसके तीनों बच्चों को पढ़ाएगा, उन्हें अच्छे से रखेगा और उससे निकाह कर लेगा। लगभग 2 वर्ष पहले इब्राहिम महिला के घर आया था। उस समय छोटे बच्चे पड़ोस में खेलने गए थे। घर पर अकेले पाकर उसने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए लिए । आरोपी ने शादी का झांसा देकर और डरा-धमकाकर पीड़िता के साथ करीब दो साल तक संबंध बनाता रहा। 24 मई को आरोपी पीड़िता को शाम करीब 6:30 बजे उसके घर से मुरादाबाद ले गया। उसने कहा कि वे दोनों चुपचाप निकाह कर लेंगे ताकि किसी को पता न चले। मुरादाबाद ले जाकर आरोपी ने एक गेस्ट हाउस में पीड़िता को रोका। जब पीड़िता ने शादी करने को कहा, तो आरोपी ने जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए जब पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कही, तो आरोपी ने उसे जान से मारने और उसके छोटे भाई-बहनों को नुकसान पहुँचाने की धमकी दी। पीड़िता ने मदद के लिए 1090 महिला हेल्पलाइन और 112 नंबर पर भी कॉल किया था। पीड़िता ने अब आरोपी इब्राहिम के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई ।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गीता सत्संग भवन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथावाचक प्रशान्त कुमार मिश्र ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने माखन चोरी, ब्रह्मा का मोह भंग, कालिया मर्दन, चीर हरण, यज्ञ पत्नियों पर कृपा तथा गोवर्धन की कथा का श्रवण कराया। इस अवसर पर आचार्य सत्य प्रकाश पाठक शास्त्री दिवाकर पाठक, यथार्थ कृष्ण पाठक मनोज उपाध्याय, सुधांशु उपाध्याय, अनुभव शर्मा माधव मिश्र आदि मौजूद रहे।



चंदौसी में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास प्रशांत कुमार मिश्र। –जागरण मोर्चा



चंदौसी मे श्रीमद्भागवत कथा सुनतें श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**जन–जागरुकता** महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

# रैली निकालकर किया नशे से दूर रहने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी कॉलेज में नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरुकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से जागरुकता रैली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया। छात्राओं ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "नशा मुक्त भारत-विकसित भारत" तथा "नशे से दूरी, जीवन में खुशहाली" जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया




चंदौसी के एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में पौधरोपण करतीं शिक्षिकाए।

गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और नशामुक्त समाज ही विकसित भारत की आधारशिला हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नशा मुक्ति अभियान प्रभारी डॉ. भावना बिष्ट ने कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से जोड़ना है। जागरूकता रैली में शिक्षा संकाय की डॉ. प्रियंका तथा अंग्रेजी विभाग की डॉ. प्रीति चौधरी उपस्थित रहीं। जागरूकता रैली में नशा मुक्ति अभियान समिति के सदस्य डॉ. इमराना एवं शोध छात्रा सुरभि पाराशरी का भी कार्यक्रम के आयोजन, व्यवस्थाओं तथा विद्यार्थियों को जागरूक करने में योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज एवं हरित पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लेकर किया गया।

### सांड को भाला मार कर किया घायल

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली में जाति युवक ने सेंड को भालामर गंभीर रूप से घायल कर दिया घायल सांड का उपचार पशु चिकित्सक से कराया गया है। शनिवार को कस्बा नवली में घूम रहे सेंड को अज्ञात युवक ने भाला मार दिया जिससे सेंड गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी होने पर भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सांड को दिखा इसके बाद पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया गया और सांड का उपचार कराया गया। घटना से नाराज भाजपाई ने कहा इस तरह की घटना बर्दाश्त नही की जायेगी। मौके पर संजीव राघव, नितिन राघव, अमनीश शर्मा, राविन्द्र सिंह, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुंदरकांड में बिखरी भजनों की छटा



चंदौसी मे सुंदर काण्ड का पाठ करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा वैष्णव-विहारमं मंगलमय सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें भजन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठा। पं. अनिल शर्मा ने विधिवत पूजन सम्पन्न कराया। केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना, हनुमान-चालीसा व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया। इसके पश्चात अनिल शर्मा व अजय सक्सेना ने सुन्दरकाण्ड की चौपाइयों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। भजनों में केजी शर्मा ने मोहन से दिल क्यों लगाया है' वो मैं जानूँ या वो जाने', राजेश शंखधार ने 'मैंने सुन्दरकाण्ड कराया है', 'मेरा हनुमान यहाँ आया है', सुनाकर सभी श्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। राजू शर्मा ने ढोलक पर संगत दी। आयोजन में सचिन सिंघल, राजेश सिंघल, सक्षम सिंघल, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, आलोक दुबे, ब्रजेन्द्र शर्मा, राकेश चौबे, सुरेश चन्द्र शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, नरेश चन्द्र वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, वाईके शर्मा, जेएन मिश्रा, एन शर्मा, विनीत अरोरा, अमित अरोरा आदि उपस्थित रहे।



## गीता सार

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः।
न चाति स्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन ॥

**भावार्थ :** हे अर्जुन! योग में स्थित मनुष्य को न तो अधिक भोजन करना चाहिए और न ही कम भोजन करना चाहिए, न ही अधिक सोना चाहिए और न ही सदा जागते रहना चाहिए।

# पेपर लीक की पूरी कहानी

जिस नीट पेपर को लेकर भारतभर के विद्यार्थियों में आक्रोश जारी है, उस पेपर लीक की पूरी कहानी सामने आ गई है। सीबीआई ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दाखिल चार्जशीट में कई डिजिटल और फोरेंसिक सबूतों का जिक्र किया है। इनमें पुणे की एक रिहायशी सोसायटी के एंट्री मैनेजमेंट एप का रिकॉर्ड भी शामिल है। इसी सोसायटी में एनटीए के केमिस्ट्री विषय के विशेषज्ञ और आरोपी पीवी कुलकर्णी रहते थे। अधिकारियों के मुताबिक, सोसायटी के एप से मिले रिकॉर्ड में उन छात्रों की बायोमेट्रिक एंट्री भी शामिल है, जो कुलकर्णी की ओर से अप्रैल में आयोजित विशेष कोचिंग कक्षाओं में आते थे। सीबीआई ने एप के रिकॉर्ड के जरिए छात्रों और उनके अभिभावकों की सोसाइटी में मौजूदगी की पुष्टि की। ये लोग नीट यूजी परीक्षा से कुछ दिन पहले अप्रैल में कुलकर्णी की सोसाइटी में




आए थे। एजेंसी ने इन रिकॉर्ड को छात्रों के मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन विश्लेषण से भी मिलाया। सीबीआई की जांच में एनटीए के पैनल में शामिल पुणे के तीन विषय विशेषज्ञों पीवी कुलकर्णी- केमिस्ट्री, मनीषा गुरुनाथ मंधारे- जूलॉजी और बॉटनी एवं मनीषा संजय हवलदार- फिजिक्स की भूमिका सामने आई। सीबीआई के अनुसार, ब्यूटीशियन मनीषा संजय वाघमारे ने कुलकर्णी और मंधारे की अप्रैल में हुई विशेष कोचिंग कक्षाओं में छात्रों को भेजा था। वहां छात्रों की कॉपियों में विशेषज्ञों की ओर से बताए गए सवाल लिखे गए थे। कुछ सवालों को 'महत्वपूर्ण' और 'बहुत महत्वपूर्ण' के तौर पर चिह्नित किया गया था। एजेंसी के मुताबिक, यही सामग्री बाद में राजस्थान और हरियाणा तक छात्रों और बिचौलियों की एक श्रृंखला के जरिए पहुंचाई गई। सीबीआई ने हवलदार की भूमिका का भी जिक्र किया है। आरोप है कि मंधारे के कहने पर उन्होंने एक अभ्यर्थी की मां को फिजिक्स के 68 सवालों वाले 16 पन्ने उपलब्ध कराए। जांच एजेंसी ने अलग-अलग छात्रों और बिचौलियों से मिले लीक प्रश्नों और अन्य सामग्री को दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से गठित विशेषज्ञ पैनल को भेजा। जांच में इस सामग्री का नीट यूजी 2026 के चार पेपर सेट से अलग-अलग स्तर पर मिलान पाया गया। जिन सेट तक संबंधित विशेषज्ञों की पहुंच थी, उनमें सवालों का मिलान 85 फीसदी तक पाया गया। जिन सेट तक उनकी पहुंच नहीं थी, उनमें मिलान काफी कम था। नीट के प्रश्नपत्रों की तैयारी, अनुवाद और बैक-ट्रांसलेशन का काम एनटीए के ओखला स्थित भवन में नियंत्रित माहौल में किया गया था। एजेंसी का आरोप है कि इन प्रक्रियाओं में मौजूद खामियों का फायदा आरोपियों ने उठाया। चार्जशीट के मुताबिक, कुलकर्णी ने सवालों के छोटे नोट बनाए, कुछ सवाल याद किए और होटल लौटने के बाद उन्हें दोबारा तैयार किया। उन्होंने नीट यूजी 2026 के तीन सेट का बैक-ट्रांसलेशन किया था और केमिस्ट्री में इन्हीं सेट से लीक सामग्री का सबसे ज्यादा मिलान मिला।

## हंगामे की आशंका के बावजूद

# मोदी सरकार चाहती परिसीमन पर बहस!



**डॉ. अनिता राठौर**

गुजरे 16 अप्रैल 2026 को मोदी सरकार ने लोकसभा में परिसीमन विधेयक 2026 पेश किया था और इसके साथ ही दो अन्य विधेयक भी लाए गए थे। एक था संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 और दूसरा था संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2026। इन तीनों ही विधेयकों का उद्देश्य आपस में जुड़ा हुआ था। सबसे बड़ा प्रस्ताव लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या को 550 से बढ़ाकर 850 करने का था। जबकि व्योहारिक रूप से लगभग 816 निर्वाचित सीटें होने का प्रस्ताव था। इसके पीछे तर्क यह था कि 1971 के बाद देश की आबादी बहुत बढ़ चुकी है, जबकि लोकसभा की निर्वाचित सीटें अभी भी 543 ही बनी हुई हैं। लेकिन यह विधेयक 17 अप्रैल 2026 को 230 मतों के मुकाबले 298 मतों से गिर गया यानी जहां इस विधेयक के पक्ष में 230 मत पड़े थे, वहीं इसके विरोध में 298 मत पड़े, इस तरह 68 मत विरोध में ज्यादा होने से यह विधेयक सदन में गिर गया था। लेकिन मानसून सत्र में जबकि अभी तक सरकार सदन में सही से एक दिन भी अपना कामकाज नहीं कर सकी, बावजूद इसके मोदी सरकार आखिर परिसीमन विधेयक पर फिर से बहस क्यों कराना चाहती है?

भारत में परिसीमन का अर्थ केवल संसदीय सीटों की सीमाएं बदलना भर नहीं है, इसका सीधा संबंध इस बात से भी है कि देश के किस हिस्से को संसद में कितनी तव्वजो मिलेगी। संविधान का मूल सिद्धांत है प्रत्येक सांसद लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे, लेकिन पिछले कई दशकों से लोकसभा सीटों का पुनर्निर्धारण स्थगित रहा है ताकि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों को कम जनसंख्या के कारण संसद में अपनी कम आवाज होने का खामियाजा न भुगतना पड़े। लेकिन अब यह विषय फिर से मोदी सरकार के राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है और सरकार का इस संबंध में बुनियादी तर्क यह है कि ऐसा करना संवैधानिक दायित्व है। केंद्र सरकार के मुताबिक लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व समय-समय पर जनसंख्या के अनुरूप संतुलित होना चाहिए। यदि देश की आबादी में व्यापक बदलाव आया है, तो संसद की संरचना पर भी चर्चा होना स्वाभाविक है। सरकार चाहती है कि इस विषय को केवल राजनीतिक नारेबाजी के बजाय संवैधानिक और संस्थागत दृष्टि से देखा जाए। दूसरा कारण राजनीतिक है। विपक्ष लंबे समय से सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि महत्वपूर्ण फैसले पर्याप्त चर्चा के बिना ले लिए जाते हैं। ऐसे में यदि सरकार स्वयं संसद में बहस का अवसर देती है, तो वह संदेश देना चाहती है कि वह किसी भी विषय से भाग नहीं रही। राजनीतिक दृष्टि से यह सरकार के लिए पारदर्शिता पर संदेश देने का अवसर भी है। साथ ही सरकार की इस मंशा के पीछे एक कारण यह भी है कि परिसीमन को लेकर जो तरह-तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं, विशेषकर दक्षिण भारत के राज्यों में कि उनकी संसदीय शक्ति घट सकती है। दूसरी ओर उत्तर भारत के राज्यों का तर्क है कि वर्तमान जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इन सभी सवालों और आशंकाओं को जब तक व्यापक बहस का मौका नहीं मिलता, तब तक इन्हें लेकर देश की राय स्पष्ट और मजबूत नहीं होगी। मोदी सरकार इसलिए संसद के मानसून सत्र में चाहती है कि परिसीमन पर संसद में बहस हो। केंद्र सरकार का



यह भी मानना है कि यदि परिसीमन जैसे विषय पर संसद में चर्चा नहीं होगी, तो राजनीतिक बहस पूरी तरह सार्वजनिक सभाओं, सोशल मीडिया और क्षेत्रीय राजनीति के हवाले हो जाएगी और तब हर कोई अपने-अपने हिसाब से इस स्थिति का निष्कर्ष निकालेगा। ऐसा न हो, देश परिसीमन के मामले में बिल्कुल स्पष्ट राय रखे, इसलिए मोदी सरकार चाहती है कि परिसीमन जैसे जटिल सवाल पर संसद में संस्थागत रूप से चर्चा हो और विभिन्न राजनीतिक दल आधिकारिक रूप से अपनी बात संसद में रखें। हालांकि जो सब तर्क सरकार दे रही है और जो पहली नजर में सामने दिखाई पड़ रहे हैं, सिर्फ उतने ही कारण नहीं हैं। संसद में परिसीमन को लेकर मोदी सरकार इसलिए भी व्यापक विमर्श चाहती है, क्योंकि आने वाले सालों में भारत में नई जनगणना और उसके बाद परिसीमन अवश्यंभावी है। देश इस बदलाव के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार हो जाए, इसलिए सरकार चाहती है कि संसद का मानसून सत्र समाप्त होने के पहले एक बार संसदीय परिदृश्य में परिसीमन का मुद्दा भी आ जाए, जिससे कि संसद का सत्र खत्म होने के बाद जब सांसद अपने-अपने क्षेत्र में जाएं, तो बातचीत और बहस में आने वाला यह भविष्य का मुद्दा भी शामिल रहे और धीरे-धीरे देश में प्राकृतिक ढंग से इस विषय पर लोकविमर्श मजबूत हो। अगर ऐसा होता है तो इस मुद्दे को लेकर एक राष्ट्रीय सहमति का वातावरण बनेगा जो मौजूदा सरकार के पक्ष में जा सकता है अथवा सरकार इस बात का श्रेय ले सकती है कि वह कठिन मुद्दों को भी साहस के साथ संसद में रखने का हौसला रखती है। हालांकि मोदी सरकार भी मानकर चलती है कि परिसीमन पर फिलहाल बहस शुरू हो जाने का मतलब ये नहीं होगा कि तुरत-फुरत में उसमें कोई निर्णय हो सके। लेकिन अगर एक बार सबसे बड़े संवैधानिक मंच से इस गंभीर विषय पर बहस शुरू हो गई तो फिर हर मंच में इसे किये जाने का आधार भी होगा और कारण भी। सरकार यही चाहती है क्योंकि उसका मानना है कि व्यापक बहस से देश के बहुसंख्यक लोग इस पक्ष में मजबूती के साथ खड़े हो सकेंगे कि हर सांसद को एक निश्चित संख्या में ही लोगों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए, तभी वह ठीक से अपने कामकाज को अंजाम दे सकेगा। जबकि विपक्ष इसे लेकर चिंतित है। मगर वह अपनी यह चिंता बहस के जरिये व्यक्त करने का साहस नहीं जुटा पा रहा। कई विपक्षी दलों का मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं होना चाहिए। भारत एक संघीय गणराज्य है, जहां राज्यों के बीच राजनीतिक संतुलन भी उतना ही आवश्यक है, जितना कि प्रतिनिधित्व का संतुलन जरूरी है। यदि प्रतिनिधित्व का संतुलन अत्यधिक बदलता है तो इसका असर राष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ संसाधनों के वितरण और नीति निर्माण पर भी पड़ सकता है। इसलिए विपक्ष पहले सरकार से स्पष्ट नीति और आश्वासन चाहता है। यही कारण है कि संसद में इस मुद्दे को लेकर संभावित बहस केवल सीटों की संख्या तक सीमित नहीं रहने वाली। इसमें जनसंख्या नीति, संघीय ढांचा, राज्यों के अधिकार, क्षेत्रीय असंतुलन और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व जैसे अनेक सवाल भी शामिल होंगे। संभव है कि यह बहस आने वाले सालों की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाली चर्चाओं में एक बन जाए।

इमेज



## श्रीरामचरितमानस

हृदयं सोचु समुझत निज करनी।
चिंता अमित जाइ नहिं बरनी॥
कृपासिंधु सिव परम अगाधा।
प्रगट न कहेउ मोर अपराधा॥

**भावार्थ :** अपनी करनी को याद करके सतीजी के हृदय में इतना सोच है और इतनी अपार चिन्ता है कि जिसका वर्णन नहीं किया जा सकता। (उन्होंने समझ लिया कि) शिवजी कृपा के परम अथाह सागर हैं। इससे प्रकट में उन्होंने मेरा अपराध नहीं कहा॥

## कपड़ों से अलमारी भरी

# ..लेकिन लगता है पहनने को कुछ नहीं

**नीलोफर**

सुबह ऑफिस जाने की जल्दी हो, किसी शादी में शामिल होना हो या दोस्तों के साथ बाहर निकलना हो, अकसर घरों में हम एक ही वाक्य सुनते हैं- मेरे पास पहनने के लिए तो कुछ भी नहीं है। जबकि दिलचस्प बात यह है कि अकसर ये शिकायत उन लोगों की होती है, जिनकी अलमारियां कपड़ों से भरी होती हैं। सवाल है ऐसा क्यों होता है? विशेषज्ञ मानते हैं कि यह केवल कम कपड़े होने या फैशन के कपड़े न होने की समस्या नहीं है। वास्तव में इस रोने का रिश्ता कपड़ों के मनोविज्ञान से है। आज जरूरत पहले से ज्यादा कपड़े खरीदने की नहीं है बल्कि अपने वार्डरोब को स्मार्ट बनाने की है ताकि कम कपड़े होने के बावजूद उन्हें बेहतर ढंग से इस्तेमाल किया जा सके। विशेषज्ञ कहते हैं कपड़े नहीं होने का यह मतलब नहीं होता कि कपड़े नहीं है। दरअसल यह विकल्पों के भ्रम का मामला है। जब अलमारी में बहुत सारे कपड़े होते हैं तो हमें उनमें से छांटकर क्या पहनें यह तय करना कठिन हो जाता है। ज्यादा कपड़े होने पर कई बार बहुत सारे कपड़े महीनों, सालों ऐसे पड़े होते हैं, जिन्हें हम न तो पहनते हैं और न ही उस जगह से उन्हें हटाते हैं, जहां हमारे अकसर पहनने वाले कपड़े मौजूद होते हैं। दरअसल ज्यादा कपड़े होने के कारण कई बार हमारे कुछ कपड़े पहने बिना ही फैशन से बाहर निकल जाते हैं और कुछ अब फिट नहीं आते। इसका नतीजा यह होता है कि अलमारी तो कपड़ों से भरी होती है, लेकिन वाकई जिन कपड़ों को हम पहनना चाहते हैं, वो कम होते हैं। कई बार तो ऐसे लोग कुछ कपड़े बार-बार पहनते हैं, जिससे यह लगता है कि शायद उनके पास कपड़ों की कमी है। लेकिन समस्या कपड़ों का कम होना नहीं होता बल्कि फालतू या गैरजरूरी कपड़ों से अलमारी का भरा होना होता है। दरअसल अलमारी में कपड़ों की इतनी ज्यादा भीड़ कई बार इसलिए होती है कि हम अपने किसी कपड़े को छोड़ने की हिम्मत ही नहीं कर पाते। हमें हर कपड़े से इतना मोह होता है कि जब भी बात आती है, जो कपड़े नहीं पहनना, उसे फेंक दें या अलग कर दें। लेकिन ऐसे समय हम उन कपड़ों के प्रति मोह से ग्रस्त हो जाते हैं, जिन्हें अकसर पहनते नहीं है, लेकिन हर समय उन्हें अपनी अलमारी ढूंसे रहते हैं। अपने वार्डरोब को स्मार्ट बनाएं। स्मार्ट वार्डरोब का मतलब है, ऐसी अलमारी, जिसमें वही कपड़े हों, जिन्हें हम नियमित रूप से पहनते हों यानी अलमारी में मौजूद हर कपड़े या ड्रेस को हम बारी-बारी से पहनते हों। साथ ही स्मार्ट वार्डरोब में अपने कपड़ों के रंगों और डिजाइनों को इस तरह व्यवस्थित करें कि इन्हें अलग-अलग तरीके से मिलाकर पहना जा सके।

## तिथि विशेष

# भारत छोड़ो आंदोलन

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भारत छोड़ो आंदोलन एक ऐसा ऐतिहासिक पड़ाव था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी। 8 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में इस आंदोलन का प्रस्ताव पारित किया गया। महात्मा गांधी ने देशवासियों को 'करो या मरो' का स्पष्ट संदेश देते हुए अंग्रेजों से भारत छोड़ने का आह्वान किया। इसी



कारण 8 अगस्त का दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत को ब्रिटिश सरकार ने भारतीय नेताओं और जनता की सहमति के बिना युद्ध में झोंक दिया था। अंग्रेजों की नीतियों से देश में असंतोष लगातार बढ़ रहा था। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गांधी और कांग्रेस नेतृत्व को यह महसूस हुआ कि अब ब्रिटिश शासन के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है। 8 अगस्त 1942 को मुंबई में हुई बैठक में भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित हुआ। गांधीजी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में देशवासियों से स्वतंत्रता के लिए अंतिम संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने 'करो या मरो' का मंत्र दिया। आंदोलन का उद्देश्य स्पष्ट था—भारत से ब्रिटिश शासन का अंत और देश को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाना। हालांकि 9 अगस्त की सुबह ही ब्रिटिश सरकार ने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद समेत अनेक प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। नेतृत्व को जेल में डालने के बावजूद आंदोलन रुका नहीं। देश के विभिन्न हिस्सों में छात्रों, श्रमिकों, किसानों और आम नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन किए। कई स्थानों पर हड़तालें हुईं और ब्रिटिश शासन के खिलाफ व्यापक जनआक्रोश देखने को मिला। अंग्रेजी सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए कठोर दमन किया।

## मोबाइल पीढ़ी

# जीवन जीती कम, रिकॉर्ड ज्यादा करती

**लोकमित्र गौतम**

वास्तव में हर पल एक्टिव मोबाइल आज की युवा पीढ़ी की लाइफस्टाइल का अभिन्न हिस्सा हो चुका है। चाहे कॉलेज का पहला दिन हो, चाहे दोस्त की विदाई हो, चाहे पहाड़ों की यात्रा हो, चाहे मंदिर का दर्शन हो या क्रिकेट मैच अथवा फिर कोई भी सामाजिक सांस्कृतिक आंदोलन ही क्यों न हो? युवाओं के कैमरे हर समय ऑन रहते हैं जिससे पल-पल को ये खुद भी महसूस करते हैं और दुनिया को भी महसूस कराना चाहते हैं। मोबाइल हमारी स्मृतियों को सुरक्षित रखने का अभूतपूर्व माध्यम है। लेकिन क्या उसने हमारे अनुभव करने की क्षमता भी बदल दी है? आज की पीढ़ी के लिए मोबाइल सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं है बल्कि वह उनकी समूची पहचान का हिस्सा बन चुका है। इंस्टाग्राम रील, यू-ट्यूब, शॉर्ट्स और लाइव स्ट्रीम ने हर व्यक्ति को एक संभावित कंटेंट क्रिएटर बना दिया है। इसलिए किसी भी घटना को देखने से अधिक उसे रिकॉर्ड करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। पिछले दिनों राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर के आंदोलन में भी यह तस्वीर पूरी शिद्दत से दिखाई दी।

हजारों छात्र एक हाथ में पोस्टर या अपने नारों की तख्ती और दूसरे हाथ में पल-पल को रिकॉर्ड करते मोबाइल पकड़ रखे थे, मीडिया के सारे माध्यम इस मोबाइल एक्शन के सामने फीके साबित हुए हैं। इस आंदोलन के वीडियो सोशल मीडिया पर लगभग लाइव ही प्रसारित होते रहे, जिससे देखते-देखते ही यह आंदोलन राष्ट्रीय बहस नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन गया। ऐसे में सवाल है यदि दिल्ली के जंतर-मंतर के ये वीडियो सामने न आए होते तो क्या आंदोलन की इस कदर गूंज संभव होती, जितनी व्यापक रही? कहने का मतलब यह कि मोबाइल ने लोकतंत्र को नई धार दी है। अब हर एक नागरिक एक संभावित गवाह और संवाददाता भी है। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है और वह भी कम गंभीर नहीं है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं जब हम किसी क्षण को बार-बार कैमरे में कैद करने में व्यस्त रहते हैं, तो हमारा मस्तिष्क उस अनुभव को उतनी गहराई से महसूस नहीं कर पाता। हम दृश्य तो रिकॉर्ड कर लेते हैं, लेकिन उस क्षण की भावनात्मक अनुभूति से वंचित हो जाते हैं। जैसी अनूभूति किसी दृश्य को सिर्फ देखने में होती है। इसी कारण आज लोग हजारों तस्वीरें और वीडियो सहेज तो लेते हैं, लेकिन कुछ वर्षों बाद उन्हें देखने का वो समय ही नहीं निकाल पाते। लोगों के कंप्यूटर की हार्ड डिस्क हजारों दुर्लभ चीजों से भरी हुई हैं और इस उम्मीद से कि जब फुर्सत मिलेगी आराम से देखेंगे। मगर कभी फुर्सत ही नहीं मिलती, हर आने वाला दिन



पिछले दिन से कहीं ज्यादा व्यस्त साबित होता है। युवाओं में यह आदत सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ी है, उन्हें लगता है अगर किसी जगह की, किसी घटना की, वीडियो नहीं बनाया तो सब कुछ बेकार है। मानो अगर वीडियो न बनें तो वह घटना घटी ही न हो और अगर किसी खूबसूरत जगह का वीडियो न शूट किया जाए, तो जैसे वह जगह हो ही न। किसी कैफे में खाना खाने से पहले उसका फोटो क्लिक करना, किसी समारोह में भाषण से पहले सेल्फी लेना, किसी यात्रा में जाने से पहले पूरी योजना को सोशल मीडिया में डालना। ये व्यवहार धीरे-धीरे युवाओं की जीवनशैली का इस कदर हिस्सा बनते जा रहे हैं कि वह न चाहते हुए भी स्वतः इस प्रवृत्ति को दोहराते रहते हैं। इससे उनकी मौजूदगी की पहुंच तो बढ़ती है, लेकिन उस मौजूदगी में वास्तविक भागीदारी कमजोर पड़ जाती है। हालांकि मोबाइल इस दृश्य या वीडियो मेनिया की अकेली वजह नहीं है। पिछले दिनों जंतर-मंतर में छात्रों के विरोध प्रदर्शन ने यह साबित किया कि मोबाइल केवल दिखावे का माध्यम नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही का एक सबल माध्यम भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के वीडियो, लाइव प्रसारण और सोशल मीडिया पोस्ट ने जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन को जिस तरह से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा रातोंरात बनाया, वह मोबाइल की ताकत और इस आदत की संवेदनशीलता को बताता है। लेकिन समस्या यह है कि यही तकनीक और यही तीव्रतापूर्ण आदत फर्जी वीडियो, भ्रामक सूचनाओं और आधे-अधूरे तथ्यों को भी इसी रफ्तार से फैलाती है। इसलिए केवल रिकॉर्ड करना पर्याप्त नहीं है। तथ्य की जांच और जिम्मेदारी भी उतनी ही आवश्यक है। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल साक्षारता अब उतनी ही जरूरी है, जितनी सामान्य शिक्षा। युवाओं को तो यह विशेष रूप से समझना होगा कि हर वायरल वीडियो सच नहीं होता और हर ट्रेंड सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक नहीं होता। लेकिन हमें इस पूरे संदर्भ में इस बात को भी समझना होगा कि समस्या मोबाइल नहीं है, दरअसल उसका असंतुलित उपयोग है। यह असंतुलित उपयोग मनःस्थिति का परिणाम होता है। इस तरह सारा फोकस आकर हमारी मनःस्थिति पर टिकता है। मोबाइल अगर किसी अन्याय का प्रमाण बनता है, किसी जरूरतमंद की मदद करता है, किसी आंदोलन को आवाज देता है या ऐतिहासिक क्षणों को हमेशा के लिए सुरक्षित करता है, तो यह न केवल एक अकेले किसी व्यक्ति के लिए बल्कि पूरे समाज, पूरी दुनिया और लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है।

इमेज

## वायरल

# 500 करोड़ का मालिक और हाथ में 10 हजार की नकली घड़ी!

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसा ही दिलचस्प मामला वायरल हो रहा है। दिल्ली के एक स्टार्टअप संस्थापक रोहन धवन की मुलाकात एक ऐसे बिजनेसमैन से हुई, जिनकी कुल प्रॉपर्टी करीब 500 करोड़ रुपए है। उनकी कलाई पर रोलेक्स डेटोना चमक रही थी, जिसकी बाजार में कीमत 25 लाख रुपए से ज्यादा है। रोहन ने जब



उस घड़ी की तारीफ की, तो उस रईस शख्स के जवाब ने उन्हें हैरान कर दिया। उस अरबपति शख्स ने हंसते हुए रोहन को बताया कि यह कोई असली रोलेक्स नहीं है, बल्कि उसने इसे इंस्टाग्राम के एक पेज से सिर्फ 10,000 रुपए में फर्स्ट कॉपी के रूप में खरीदा है। उसने इसके पीछे जो वजह बताई, वह वाकई हैरान करने वाली थी। बिजनेसमैन ने कहा, आज समाज में मेरी जो हैसियत और स्टेटस है, वहां कोई सोच भी नहीं सकता कि मैं नकली घड़ी पहन सकता हूं। घड़ी का काम समय दिखाना है। कई यूजर्स का मानना है कि लग्जरी चीजें लोग खुद की खुशी के लिए नहीं, बल्कि दूसरों से वाहवाही लूटने के लिए खरीदते हैं।




## X का एक्सरे

एनडीए एक परिवार है और वे भी इसी परिवार के सदस्य हैं। भाजपा अपने सभी घटक दलों के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। मानसून सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की डिबेट में हिस्सा लीजिए। संसद के इतिहास को पढ़िए, जानिए, समझिए और डिबेट में हिस्सा लीजिए। सब चिंताएं छोड़कर अपने राज्यों के विकास के लिए काम करिए।



नरेंद्र मोदी

हमने एफसीआरए पर की गई टिप्पणियां देखी हैं। भारत से जुड़े विधायी मामले हमारे आंतरिक मामले हैं, जिन पर देश की संसद निर्णय लेती है। कई देश विदेशी फंड को रेगुलेट करते हैं। खुद अमेरिका भी अपने देश में बाहर से आने वाले पैसों पर कड़ी नजर रखता है। भारत के ऐसा करने पर सवाल उठाना सही नहीं है।



रणधीर जायसवाल

पार्टी को वही रास्ता अपनाना चाहिए जो पीडीपी संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद ने दिखाया था। अनुच्छेद 370 की बहाली पार्टी के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है और इसके लिए शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई जारी रहेगी। मुझे या मेरी बेटी इल्तिजा मुफ्ती को जेल भी जाना पड़े, तब भी पार्टी कार्यकर्ता संघर्ष जारी रखें।



महबूबा मुफ्ती

मैंने साझेदारी बनाने की कोशिश की। शुरुआत में मेरा मकसद रन बनाना नहीं था। मैं विकेट के हिसाब से ढलना सीख रहा था। बाद में जब मुझे मौका मिला, तो रन बनाना आसान हो गया। यही मेरी सोच थी। निश्चित रूप से, आगामी टेस्ट मैच को देखते हुए, यह शतक मुझे आत्मविश्वास देगा।



मेहदी हसन मिराज

## एक नजर

### भरवारा आरओबी निर्माण मंजूर

**लखनऊ (एजेंसी)।** पिछले डेढ़ साल से लंबित भरवारा रेलवे क्रासिंग (संख्या 186) पर 'वाई शेप' रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। न्यायालय के आदेश के बाद उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा 126.86 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। निर्माण कार्य मार्च 2027 से शुरू होकर मार्च 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस आरओबी के बनने से क्षेत्र की चार लाख से अधिक आबादी को जाम से बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। परियोजना की जद में आने वाले कुल 80 प्रभावित लोगों में से 35 विस्थापित परिवारों को प्रशासन मुआवजे के साथ 50 वर्ग मीटर का मकान देगा। शेष प्रभावितों को केवल मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए संपत्तियों की नए सिरे से पैमाइश की जाएगी, जिसमें लगभग छह महीने का समय लगेगा।

# डिप्टी सीएम मौर्य का राहुल और अखिलेश पर बड़ा हमला

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रयागराज दौरे पर तीखा हमला बोला है। मौर्य ने इसे राजनीतिक 'नौटंकीबाजी' करार देते हुए कहा कि राहुल गांधी केवल वोट बैंक चमकाने की राजनीति कर रहे हैं।डिप्टी सीएम ने तंज कसा कि राहुल बाबा प्रयागराज आ रहे हैं, लेकिन अपने बाबा की कब्र पर नहीं जाएंगे क्योंकि वहां से कोई राजनीतिक फायदा नहीं होने वाला।



उन्होंने झारखंड में छात्रों के आंदोलन का हवाला देते हुए कहा कि वहां कांग्रेस सरकार की जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में धांधली चरम पर है, लेकिन राहुल गांधी वहां नहीं गए। मौर्य ने दावा किया कि छात्र निष्पक्ष हैं और बहकावे में नहीं आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने सपा के पीडीए (PDA) फॉर्मूले को फर्जी बताते हुए कहा कि 2027 में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने की बौखलाहट में विपक्ष नाटक कर रहा है। मौर्य ने सवाल उठाया कि 2012 से 2017 तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाले अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री रहते पिछड़े, दलित और ब्राह्मण क्यों याद नहीं आए? उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासनकाल में समाज के विभिन्न वर्गों का शोषण हुआ, जमीनों पर कब्जे हुए और माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण देकर टिकट बांटे गए।

डिप्टी सीएम ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार में कांवड़ और कुंभ यात्रियों का पुष्प वर्षा से स्वागत होता है। सरकार राम, शिव और कृष्ण भक्तों की आस्था के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने गरीब कल्याण, सुशासन और बुनियादी ढांचे का ऐतिहासिक विकास किया है, जिससे जनता का भरोसा बढ़ा है। मौर्य ने दावा किया कि 2027 में भाजपा को 2017 से भी बड़ा जनसमर्थन मिलेगा।

## दिव्यांग छात्रों को मिलेगा एस्कॉर्ट अलाउंस

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीर और बहु दिव्यांग बच्चों की शिक्षा की राह आसान करने के लिए पहली बार 'एस्कॉर्ट अलाउंस' देने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले 14,152 दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इन बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने के लिए सरकार द्वारा 600 रुपये प्रति माह की दर से 10 महीनों तक आर्थिक सहायता दी जाएगी।इसके लिए सरकार ने कुल 849.12 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस विशेष मदद से दिव्यांग बच्चों के माता-पिता पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा। साथ ही, स्कूलों में दिव्यांग विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने और उनकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखने में बड़ी मदद मिलेगी।

## संक्षेप समाचार

### सपा के पीडीए पर मायावती का प्रहार

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के 'पीडीए' फॉर्मूले पर तीखा हमला बोला है। मायावती ने सपा पर चुनावी स्वार्थ के लिए 'गिरगिट की तरह रंग बदलने' का आरोप लगाया। दरअसल, अखिलेश यादव द्वारा पीडीए में 'पीडी' को 'पंडित' (ब्राह्मण) बताने पर मायावती ने आपत्ति जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सपा पहले 'पी' का मतलब पिछड़ा प्रचारित कर रही थी। अब जब ब्राह्मण समाज बसपा से जुड़ रहा है और पार्टी उन्हें उम्मीदवार बना रही है, तो सपा विचलित हो गई है। इसी बौखलाहट में उन्होंने 'पी' का मतलब 'पंडित' कर दिया, जो उनके राजनीतिक छल को दर्शाता है। मायावती ने कहा कि बसपा हमेशा 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति पर चलती है, जबकि सपा संकीर्ण जातिवादी राजनीति करती है।



### मिशन शक्ति कर्मियों की अन्य ड्यूटी पर रोक

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने बड़ा कदम उठाया है। अब थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी किसी अन्य कार्य में नहीं लगाई जा सकेगी। कानून–व्यवस्था से जुड़े किसी विशेष मामले में आपातकालीन ड्यूटी लगाने पर भी केंद्र में कम से कम दो महिला कर्मियों सहित चार स्टाफ का होना अनिवार्य होगा।दरअसल, पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य के 1663 थानों में संचालित इन केंद्रों के औचक निरीक्षण में भारी खामियां मिली थीं। कई केंद्रों पर निर्धारित संख्या से कम कर्मचारी तैनात थे, जबकि कुछ जगहों पर कंप्यूटर, इंटरनेट और बीट भ्रमण के लिए वाहनों की भारी कमी पाई गई। इस लापरवाही को देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है।

### 3 घंटे में गैस डिलीवरी, इंडियन ऑयल की नई सेवा

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडियन ऑयल ने उपभोक्ताओं के लिए फास्ट ट्रैक लॉजिस्टिक्स कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर सेवा की शुरुआत वाराणसी से की है। इस सेवा के तहत गैस बुकिंग के महज तीन घंटे के भीतर सिलेंडर सीधे उपभोक्ता के घर पहुंच जाएगा। कंपनी के कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने बताया कि यह कंपोजिट सिलेंडर स्टील सिलेंडर से हल्का, जंग–मुक्त और बेहद आधुनिक है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी पारदर्शी बॉडी है, जिससे उपभोक्ता बाहर से ही देख सकेंगे कि सिलेंडर में कितनी गैस बची है।

### अग्निवीरों को फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में 20% आरक्षण

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाते हुए पुलिस और पीएसी के बाद अब वन रक्षक (फॉरेस्ट गार्ड) एवं वन्यजीव रक्षक (वाइल्डलाइफ गार्ड) की सीधी भर्ती में भी 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इसके लिए भर्ती नियमावली में संशोधन किया जा रहा है। यह लाभ उन पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा जिन्होंने सशस्त्र बलों में अपनी 4 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है। यह आरक्षण भूतपूर्व सैनिकों की तर्ज पर संबंधित श्रेणियों (सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी) के भीतर ही लागू होगा।

## उधार सिगरेट न देने पर हमला दो को पांच-पांच साल की कैद

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ की विशेष सीबीआई अदालत ने उधार सिगरेट देने से मना करने पर दो भाइयों पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है।

विशेष न्यायाधीश रोहित सिंह ने आरोपी सनी उर्फ दुर्गेश और मानू उर्फ रवि को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी पाते हुए पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर 12-12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत के समक्ष सरकारी वकील विकास सिंह ने मामले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में अमित कश्यप ने 20 फरवरी 2017 को लखनऊ के हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 19 फरवरी 2017 की रात सिविल अस्पताल के पास स्थित एक पान गुमटी पर दोनों आरोपी पहुंचे और उधार सिगरेट की मांग करने लगे। दुकानदार भाइयों ने जब उधार देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी भड़क गए। उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुलाकर दुकानदार मनोज कश्यप और राजेश कश्यप पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए पहले सिविल अस्पताल और बाद में गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराना पड़ा था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह सख्त सजा सुनाई है।

## इंस्पायर अवार्ड मानक में बच्चों के नवाचारी विचार दर्ज कराने को स्कूलों को करनी होगी पहल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 15 सितंबर तक होंगे ऑनलाइन नामांकन, चयनित विद्यार्थियों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए मिलेंगे 10 हजार रुपये

**खटीमा।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए विद्यार्थियों के नामांकन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल पर नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इस योजना के तहत खटीमा विकासखंड के सभी सरकारी, अर्धसरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। योजना के अंतर्गत कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। एक विद्यालय से अधिकतम पांच विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं नवाचारी विचार पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं। इनमें कक्षा 11वीं और 12वीं के अधिकतम दो विद्यार्थियों के विचार शामिल किए जा सकेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए योजना में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी तय की है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से कोई भी विद्यालय और विद्यार्थी वंचित न रहे। ब्लॉक इंस्पायर अवार्ड मानक समन्वयक निर्मल कुमार न्योलिया ने बताया कि विद्यालयों में आइडिया बॉक्स और आइडिया कंटेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों से दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान से जुड़े नवाचारी विचार आमंत्रित किए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय में एक शिक्षक को इंस्पायर प्रभारी बनाया गया है। इंस्पायर प्रभारी विद्यार्थियों से प्राप्त विचारों में से पांच सर्वश्रेष्ठ नवाचारी विचारों का चयन कर उन्हें इंस्पायर अवार्ड मानक पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए विद्यार्थी के नाम पर बैंक खाता और आधार कार्ड होना आवश्यक है। चयनित विद्यार्थियों को प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए उनके बैंक खाते में 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। न्योलिया ने बताया कि 11 अगस्त से खटीमा विकासखंड के विद्यालयों के इंस्पायर प्रभारियों की चरणबद्ध अभिमुखीकरण कार्यशालाएं बीआरसी सभागार खटीमा में आयोजित की जाएंगी। कार्यशालाओं में योजना से संबंधित विद्यालयों की समस्याओं, इस वर्ष किए गए बदलावों तथा ऑनलाइन नामांकन में आ रही दिक्कतों पर चर्चा कर उनके समाधान की जानकारी दी जाएगी।

## उत्तराखंड परिवहन निगम टनकपुर क्षेत्र यात्रियों के प्रति संवेदन हीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- निजी वाहन चालक सवारियां भरकर ले जाते हैं
- रोडवेज बसों के बजाय दिल्ली के लिए अधिकांश यात्री निजी बसों से आते–जाते हैं

**खटीमा।** पुराने रोडवेज बस स्टेशन पर इन दोनों निजी वाहनों की चांदी है। उत्तराखंड परिवहन निगम की हीला हवाली के चलते हल्द्वानी, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़, बरेली तथा दिल्ली को आने-जाने वाले यात्री बिना समय बर्बाद किये निजी वाहनों से असुरक्षित माहौल में आने-जाने लगे हैं। जिसके चलते परिवहन निगम टनकपुर क्षेत्र की आय में निरंतर गिरावट आने लगी है। सवारियों के अभाव में यदा-कदा टनकपुर डिपो की खटारा बसें बिना सवारियों के चक्कर लगाती हैं। सुबह से देर शाम तक खटीमा से हर रूट पर निजी वाहनों की आवाजाही होने लगी है। सुबह के समय जहां टनकपुर, चंपावत तथा पिथौरागढ़, हल्द्वानी, बरेली तथा रुद्रपुर की सवारियों को निजी वाहन चालक लाते ले जाते हैं। वहीं देर शाम तक दिल्ली के लिए भी चार– पांच डंगामार मिना परमिट प्राइवेट बसें सांवरियां भरकर ले जाती हैं।



पुराने बस स्टेशन से सवारियों को ले जाते निजी वाहन चालक। –जागरण मोर्चा

खटीमा में लोहिया पुल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करोड़ों की लागत से अत्याधुनिक सुविधायुक्त बस स्टेशन बनाया गया है, वहीं यहां से पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र के लिए आने–जाने वाले यात्रियों का जमघट पुराने रोडवेज बस स्टेशन पर रहता है। नगर से नया रोडवेज बस स्टेशन अधिक दूर होने की वजह से 100, 50 रुपए किराया खर्च कर लोहिया पुल के समीप बनाये गये नये बस स्टेशन पर यात्री नहीं जाते हैं। यद्यपि इस बस स्टेशन पर रोडवेज के कर्मचारी सुबह से देर शाम तक दो पाली में ड्यूटी करते सवारी की बांट जोहते हैं। यात्रियों के अभाव में इस रूट पर आने– जाने वाली रोडवेज की बसें केवल नंबर नोट करने तक ही सीमित रहते हैं। पुराने बस स्टेशन पर सवारियों की सुविधा व देखरेख के अभाव में रोडवेज बसों से आने- जाने वाले सवारियों को निजी वाहन चालक ले जाते हैं। इतना ही नहीं इस स्थान पर कई लोग कमीशन के लालच में रोडवेज के इंतजार में खड़े रहने वाले यात्रियों को निजी वाहनों में बैठाकर उनके गंतव्य के लिए भेज देते हैं।

इधर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश पांडे ने बताया कि निजी वाहन सवारियों को न ले जा सके विभाग इस पर कार्रवाई करेगा। इसके लिए पुराने रोडवेज बस स्टेशन पर भी रोडवेज के कर्मचारी तैनात किए जा रहे हैं। जो सवारियों को नए बस स्टेशन की ओर प्रेरित कर सकें। इसके अतिरिक्त निजी वाहनों की आवाजाही कम करने के लिए बीते सप्ताह जगबूड़ा पुल के पास एआरटीओ की देखरेख में सघन वाहन चेकिंग हुई। जिसमें सात वाहनों का चालान किया गया है। परिवहन निगम टनकपुर क्षेत्र सवारियां उठाने वाली निजी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा। क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक बनवाल ने बताया कि वह इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करेंगे। ताकि रोडवेज बसों के इंतजार में खड़े सवारियों को निजी वाहन न ले जा सकें।

## पुलिस बनी सहारा, नदन्ना पुल पर मिले मासूम को उसकी मां से मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नदन्ना पुल के पास शुक्रवार को एक बच्चा अकेला घूमता हुआ मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे सकुशल उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के परिवार ने पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल के लिए आभार जताया। पुलिस के अनुसार, 8 अगस्त को डायल 112 पर नदन्ना पुल के पास एक बच्चे के अकेले घूमने की सूचना मिली थी। सूचना पर कांस्टेबल 351 सुभाष पांडे और महिला कांस्टेबल 40 भावना उप्रेती मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चे से उसका नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम आरब बताया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बच्चे को चौकी चकरपुर ले आई।



बच्चे को सकुशल उसकी मां के सुपुर्द करते पुलिस कर्मी। –जागरण मोर्चा

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बच्चे ने कुछ देर बाद अपना पता हरियाणा बताया। इसके बाद हरियाणा पुलिस से संपर्क कर बच्चे के संबंध में जानकारी साझा की गई। हरियाणा पुलिस की मदद से बच्चे की नानी का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। नानी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि बच्चे की मां एनएचसी बनबसा में कार्यरत हैं। इसके बाद पुलिस ने बच्चे की मां से संपर्क कर उन्हें चौकी चकरपुर बुलाया। आवश्यक पहचान की पुष्टि के बाद बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिवार ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चेहल्लुम का पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में मनाया जाने वाला चेहल्लुम का पर्व शनिवार को सीमांत क्षेत्र में अकीदत, गम, भाईचारे और सादगी के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। क्षेत्र के विभिन्न इमामबाड़ों से ताजिए निकाले गए, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए भैंसहा स्थित कर्बला पहुंचे। मझोला, कलेक्टर फार्म, ढकिया, हुल्करी, गुलड़िया, पचपेड़ा, कंचनपुरी, जमौर और नौसर समेत विभिन्न क्षेत्रों से ताजिए निकाले गए। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। हाथों में अलम लिए अकीदतमंद नौहाख्वानी और मर्सिया पढ़ते हुए चल रहे थे। इस दौरान 'या हुसैन-या हुसैन' और 'नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर' की सदाओं से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद करते हुए गम और अकीदत का इजहार किया। चेहल्लुम को लेकर प्रशासन और पुलिस पहले से ही सतर्क रही। जुलूस के निर्धारित मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया था और सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी की गई। पर्व के दौरान आयोजित मेले में चाट-पकौड़ी, हलवा-पराठा, खिलौने और अन्य सामान की दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कर्बला पहुंचने के बाद अकीदतमंदों ने दुआ और फातिहा पढ़ी। उन्होंने देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा।



चेहल्लुम पर ताजिए निकालते लोग। –जागरण मोर्चा

## पालिका अध्यक्ष जोशी ने निर्माण कार्य देखा

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड संख्या दो तथा वार्ड छः में नगर पालिका द्वारा किए जा रहे निर्माणाधीन सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सभासदों के साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उन्होंने चेतावनी दी की मानकों की अनदेखी पर निर्माण इकाई भुगतान से भी वंचित रह सकती है। वार्ड के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रामू ने कई वार्ड वासियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वार्ड वासियों की उन समस्याओं का समाधान उच्च स्तर से कराया जाएगा जो नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने वार्ड वासियों को हर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।

## मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चकरपुर वन चेतना स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चकरपुर वन चेतना स्टेडियम में विकासखंड नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत के खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष कमान सिंह सामंत व राजकीय शिक्षक संघ अध्यक्ष भुवन चंद्र कलौनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अंतर्गत लुप्त प्राय खेल प्रतिभाओं को उकेरने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। चकरपुर स्थित वन चेतना स्टेडियम में 12 खेल विधाओं के मुख्यमंत्री प्रोत्साहन छात्रवृत्ति हेतु शारीरिक क्षमता प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। राजकीय शिक्षक संघ के मंत्री गोकुलानन्द कापड़ी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि खेल प्रसिद्ध शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व, क्षमता का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का आवाहन किया। इस दौरान अधिकारियों, शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गोविंद सिंह खाती, रेखा पांडे, किरन जोशी, भागीरथी, अजय विश्वकर्मा, राजीव पाठक, जीवन बिष्ट, मोहन सिंह छेत्री, सत्येंद्र थपलियाल, दिनेश चंद्र, मदन सिंह अधिकारी, पूरन बिष्ट, ओमप्रकाश कुशवाहा, पूरन सिंह बोरा, कमला बिष्ट, मुन्नी धामी, सरोज बसेरा, के.के दुबे, ताजवर खत्री, सुशील चमोली आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खेल प्रशिक्षण के लिए चकरपुर वन चेतना स्टेडियम में मौजूद अभ्यर्थी।

# गांव की चौपाल में पहुंचकर राज्यमंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## बिरहनी देवा गुरुद्वारा परिसर में लगी जनचौपाल, बिजली और छुट्टा पशुओं की समस्या प्रमुखता से उठी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिरहनी स्थित देवा गुरुद्वारा परिसर में जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। –जागरण मोर्चा



बिरहनी स्थित देवा गुरुद्वारा परिसर में जनचौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

**पीलीभीत।** ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुक्रवार को अमरिया क्षेत्र के ग्राम बिरहनी स्थित देवा गुरुद्वारा परिसर में जनचौपाल लगाई। चौपाल में आसपास के कई गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं राज्यमंत्री के समक्ष रखीं। राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

चौपाल को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। गांव-गांव चौपाल के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामने रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को गति मिल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि ग्रामीणों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए अनावश्यक रूप से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनप्रतिनिधि और अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनें और उनका यथासंभव मौके पर समाधान कराएं। इस दौरान राज्यमंत्री ने सिख समाज के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सिख समाज ने क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज के लोगों के सेवा एवं समर्पण भाव की उन्होंने विस्तार से चर्चा की। जनचौपाल में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली की समस्या और छुट्टा पशुओं से जुड़ी परेशानियां उठाईं। ग्रामीणों ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। राज्यमंत्री ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चौपाल में हरदासपुर, क्योलार, बिरहनी, कटईया सहित आसपास के कई गांवों से ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्रशासन की ओर से अमरिया एसडीएम, तहसीलदार, विद्युत विभाग के एसडीओ, पूर्ति निरीक्षक, अमरिया थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, ग्राम प्रधान केवल सिंह, बिल्लू प्रधान, प्रिंस प्रधान, सेक्टर प्रभारी धीरज वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### राज्य स्तरीय अंडर-17 फुटबॉल टीम में चुनी गईं श्रद्धा वर्मा



श्रद्धा वर्मा को शुभकामनाएं देते ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा नौ की प्रतिभाशाली छात्रा श्रद्धा वर्मा का अंडर-17 बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। श्रद्धा ने बरेली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रा के चयन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।श्रद्धा का राज्य स्तरीय टीम में चयन विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। फुटबॉल जैसे प्रतिस्पर्धात्मक खेल में राज्य स्तर तक पहुंचने के लिए शारीरिक फिटनेस, तकनीकी दक्षता, मानसिक दृढ़ता, टीम भावना और नियमित अभ्यास की आवश्यकता होती है। श्रद्धा ने इन सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और समर्पण का परिचय दिया है। श्रद्धा की सफलता पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने श्रद्धा को राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने भी श्रद्धा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी लगन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्रा को अपने खेल कौशल को और निखारने तथा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल, कला, संस्कृति और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में प्रतिभा निखारने के अवसर दिए जाते हैं। श्रद्धा का चयन इसी दिशा में विद्यालय के प्रयासों का भी प्रमाण है। श्रद्धा की उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों, सहपाठियों और अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि श्रद्धा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बरेली क्षेत्र और ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल का नाम गौरवान्वित करेंगी।

### सामूहिक विवाह योजना में शादी के बाद विदाई न होने का आरोप

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया पंडरी निवासी आशिक पुत्र मोहम्मद नवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई शादी के बाद पत्नी की विदाई न होने और ससुराल पक्ष पर सामान हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई तथा सामान वापस दिलाने की मांग की है। शिकायती पत्र में आशिक ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसका विवाह गुलचमन पुत्री सगीर अहमद के साथ तय हुआ था। रिश्ता पक्का करने की रस्म के दौरान उसने दो जोड़ी कपड़े, चांदी की एक जोड़ी पायल, सोने की अंगूठी और 10,786 रुपये नकद दिए थे। इसके बाद सगीर अहमद, उनकी पत्नी शबीना और अन्य रिश्तेदार उसके घर पहुंचे थे। दोनों परिवारों की सहमति से शादी तय हुई और मार्च 2026 में ईद के आसपास विवाह होना निर्धारित किया गया था। आरोप है कि 10 मार्च 2026 को पीलीभीत मंडी परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बुलाकर उसके साथ धोखे से विवाह करा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि उसके परिवार को पूरी जानकारी दिए बिना उसे अकेले बुलाया गया और विवाह के बाद सरकारी योजना के तहत मिले सामान, कपड़े, बर्तन एवं अन्य सामग्री को पत्नी के साथ ससुराल पक्ष के लोग अपने साथ ले गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उस समय उसे जल्द ही पत्नी की विदाई कराने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद वह कई बार अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ पत्नी को विदा कराने ससुराल गया, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष ने विदाई नहीं की।

# अज्ञात वाहन ने बुझा दिया घर का चिराग इलाज के दौरान 34 वर्षीय युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना गजरौला कला क्षेत्र में गड़ा जंगल स्थित बिजलीघर के पास शुक्रवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पीलीभीत से अपने गांव नदहा लौट रहे अनिल यादव की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल से बरेली हायर सेंटर रेफर किए गए अनिल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, गांव नदहा निवासी अनिल यादव पुत्र शेर सिंह एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह पीलीभीत से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। गड़ा जंगल स्थित बिजलीघर के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनिल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल अनिल को जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बरेली हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, बरेली ले जाते समय शनिवार सुबह करीब चार बजे रास्ते में ही अनिल की मौत हो गई। अनिल की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। अनिल तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे।



मृतक का फाइल फोटो।

# 13 अगस्त को पीलीभीत में निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशव्यापी तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र पीलीभीत के सभी पांचों मंडलों में तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य और गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित यात्रा में मोटरसाइकिलों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही मंडल स्तर पर भी तिरंगा यात्राओं के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। संबंधित मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा को भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से मंडल अध्यक्षों के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा प्रदेशव्यापी कार्यक्रम है, इसलिए इसे देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में व्यापक भागीदारी के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और मंडल स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (बृज क्षेत्र) विजय सिंह गंगवार, यात्रा के जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, विधानसभा संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मानसिंह राठौर, नगर अध्यक्ष इन्द्रेश सिंह चौहान, नगर महामंत्री अमरीश शर्मा अम्बू, जहानाबाद मंडल अध्यक्ष भरत राजपूत, बरहा मंडल महामंत्री रविन्द्र कुमार, ललौरीखेड़ा मंडल अध्यक्ष सुमित सागर, अमरिया मंडल महामंत्री चेतराम वर्मा सहित पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल, नगर कार्यालय मंत्री राकेश लोधी, पूर्व महामंत्री मनोज मिश्रा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष शिव नरायन शर्मा, सचिन गुप्ता चन्नू, संजीव सिंह चौहान, पूर्व सभासद अवतार सिंह मोनू, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक करते भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार एवं पार्टी के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# चेहल्लुम का मेला देखने निकला नाबालिग, रास्ता भटककर अमरिया बॉर्डर पहुंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



खोए हुए बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द करती चाइल्डलाइन टीम।

**पीलीभीत।** चेहल्लुम का मेला देखने की चाह में घर से निकला एक नाबालिग बालक रास्ता भटककर देर रात अमरिया बॉर्डर तक पहुंच गया। अनजान जगह पर अकेला पड़ जाने से बालक सड़क किनारे रो रहा था। इसी दौरान एक ट्रक चालक की नजर उस पर पड़ी और उसने तत्काल आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना देकर बालक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे ट्रक चालक ने 112 पर सूचना दी कि अमरिया बॉर्डर के पास एक नाबालिग बालक अकेला रो रहा है। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची और बालक को सुरक्षित रेस्क्यू कर थाना सुनगढ़ी ले आई। पुलिस ने तत्काल मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को दी। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह के निर्देश पर टीम पर्यवेक्षक त्रिभुवन सिंह और केस वर्कर प्रतुल सिंह थाना सुनगढ़ी पहुंचे। टीम ने बालक को अपनी सुपुर्दगी में लेकर काउंसलिंग की। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह बरेली के नवाबगंज का रहने वाला है और जहानाबाद में लगे चेहल्लुम के मेले में घूमने आया था, लेकिन लौटते समय रास्ता भटक गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक के बताए पते की पुष्टि के लिए थाना नवाबगंज पुलिस से संपर्क किया। तत्परता से बालक के परिवार का पता सत्यापित कर लिया गया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए बाल कल्याण समिति, के आदेश पर 24 घंटे के भीतर बालक को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

# हाथों में तिरंगा, दिल में देशभक्ति – जनपद में निकली भव्य 'हर घर तिरंगा रैली'

## डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी सुकीर्ति माधवने गांधी स्टेडियम से रैली का किया शुभारंभ, मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



गांधी स्टेडियम से निकली हर घर तिरंगा रैली में तिरंगा लेकर शामिल डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव एवं पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत** हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को गांधी स्टेडियम से विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ शुरू हुई रैली में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस और अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने हाथों में तिरंगा थामकर नेतृत्व किया। रैली में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, एनसीसी कैडेट्स, पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।रैली में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्यारे लाल मौर्य, क्षेत्राधिकारी नगर अमरनाथ वर्मा समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा। वीरांगना अवंतीबाई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, लिटिल एंजिल्स, चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया। गांधी स्टेडियम से शुरू हुई तिरंगा रैली गौहनिया चौराहा होते हुए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पहुंची, जहां समापन समारोह आयोजित किया गया। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने शहर में राष्ट्रप्रेम का माहौल बना दिया।

### महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का भी दिया संदेश

रैली में मिशन शक्ति टीम ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। टीम ने महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर लोगों को जागरूक किया। मिशन शक्ति की सहभागिता ने तिरंगा रैली को राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए एसपी सुकीर्ति माधव ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों के हृदय में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने रैली में शामिल युवाओं, विद्यार्थियों और मिशन शक्ति टीम की सहभागिता की सराहना की। एसपी ने कहा कि महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति के माध्यम से लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सशक्त भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराएं तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और गौरव को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**आस्था** गुलड़िया दुल्हन गांव से रवाना हुए कांवड़िये, कछला से गंगाजल लाकर सोमवार को शिव मंदिर में करेंगे जलाभिषेक

# प्रथम डाक कांवड़ यात्रा कछला गंगा घाट के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



गुलड़िया दुल्हन गांव से कछला गंगा घाट के लिए डाक कांवड़ यात्रा रवाना होने के दौरान कांवड़ियों का समूह।

**पीलीभीत।** सावन माह के अवसर पर गांव गुलड़िया दुल्हन से प्रथम डाक कांवड़ यात्रा शनिवार को धार्मिक उत्साह के साथ कछला गंगा घाट के लिए रवाना हुई। यात्रा में शामिल कांवड़िये कछला गंगा घाट से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौटेंगे और सोमवार को गांव स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कांवड़िये धार्मिक जयघोष करते हुए गंगाजल लेने के लिए कछला रवाना हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की और सावन माह की परंपरा के अनुसार गंगाजल लाकर शिवलिंग पर अर्पित करने का संकल्प लिया। यात्रा में महंत बुद्धसेन बर्मा और कपूरी महंत तुलसीराम, दुरमेन्द्र सहित बड़ी संख्या में कांवड़िये शामिल रहे। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।कांवड़िये कछला गंगा घाट से जल लेकर निर्धारित यात्रा पूरी करते हुए गांव लौटेंगे। इसके बाद सोमवार को गांव के ही शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

# हाउसअरेस्ट विवाद का पटाक्षेप: आरटीआई से खुली अभिलेखों की परत

## बातचीत से निकला सम्मानजनक रास्ता, टी.टी. ने कहा-मीडिया की सजगता, कानूनी प्रक्रिया और प्रशासन की संवेदनशीलता से हुआ समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय



"लोकतंत्र में कानून सर्वोपरि है। आरटीआई की आपातकालीन धाराओं का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। पुलिस प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया और उच्चाधिकारियों ने जो सकारात्मक व संवेदनशील दृष्टिकोण दिखाया, वह सराहनीय है। कानून का मकसद टकराव बढ़ाना नहीं, बल्कि अधिकारों का संरक्षण और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।"

–नीलेश चतुर्वेदी, एडवोकेट



"हम उन सभी मीडिया बंधुओं के हृदय से आभारी हैं जिन्होंने लगातार सजगता दिखाई और इस विषय को प्रमुखता से उठाया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्वयं बड़प्पन दिखाते हुए भविष्य के लिए जो सकारात्मक आश्वासन दिया है, हम उसका पूरा सम्मान करते हैं। हमारे अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी जी के कुशल विधिक मार्गदर्शन के कारण ही यह न्यायसंगत समाधान संभव हो सका है। प्रशासन के इस सहयोगात्मक रुख को देखते हुए अब हम इस मामले को यहीं समाप्त कर रहे हैं।"

–राजीव अग्रवाल टी.टी, अग्रवाल सभा अध्यक्ष, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष

**पीलीभीत।** नगर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजीव अग्रवाल टी.टी. को हाउसअरेस्ट किए जाने को लेकर पिछले दिनों उठे विवाद का अब सौहार्दपूर्ण और गरिमापूर्ण ढंग से पटाक्षेप हो गया है। मामले में आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि अभिलेखों में नज़रबंदी का कोई लिखित आदेश उपलब्ध नहीं था। इसके बाद पूरे प्रकरण ने नया कानूनी और प्रशासनिक मोड़ लिया।

राजीव अग्रवाल टी.टी. ने बताया कि विधिक प्रक्रिया के तहत आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई थी। प्राप्त स्थिति स्पष्ट होने के बाद मामले को कानूनी स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में उनके अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता की सटीक कानूनी रणनीति, आरटीआई के प्रावधानों के प्रभावी इस्तेमाल और विधिक समझ के चलते नागरिक अधिकारों से जुड़े इस मामले को मजबूती से उठाया जा सका। मामले की स्थिति स्पष्ट होने के बाद पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने स्वयं वार्ता कर पूरे प्रकरण की वस्तुस्थिति को समझा। राजीव अग्रवाल के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए भविष्य के लिए आश्वासन दिया, जिसके बाद मामले का सम्मानजनक समाधान निकल आया। इस पूरे घटनाक्रम में जहां मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया, वहीं अब दोनों पक्षों की ओर से मामले को आगे न बढ़ाते हुए सौहार्दपूर्ण तरीके से समाप्त करने की बात कही गई है।

# बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी चोरी की साजिश

## हुसैनापुर में चोरी कांड का पुलिस ने किया खुलासा, युवती व उसका प्रेमी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** हुसैनापुर खुर्द में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उसी घर की बेटी इस पूरे मामले की मास्टरमाइंड निकली। बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की पूरी योजना तैयार की और फिर दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनापुर खुर्द निवासी रामरतन के घर से पांच अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखे सोने और चांदी के आभूषण,दस हजार की नकदी तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस को कुछ ऐसे तथ्य हाथ लगे, जिनसे घटना की दिशा ही बदल गई। पुलिस ने जब मामले की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं तो शक घर के ही लोगों पर गहराने लगा। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए प्रशेन सरकार निवासी गांव चंदिया हजारा व घर स्वामी की पुत्री यशोदा देवी निवासी हुसैनापुर खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार चोरी की मास्टरमाइंड घर की ही वेटी निकली। पुलिस ने खुलासा कर वताया कि घर स्वामी की बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची थी। दोनों ने पहले वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई और उसके बाद मौका देखकर चोरी कर ली। घटना के बाद मामले को अलग रूप देने का प्रयास किया गया। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच की। पूछताछ के दौरान मिले तथ्यों और जांच में सामने आए सुरागों के आधार पर पुलिस ने पूरे मामले की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं पुलिस को बेटी और उसके प्रेमी की भूमिका के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो चोरी की वारदात के पीछे की साजिश सामने आ गई। पुलिस के अनुसार, प्रेम प्रसंग के चलते दोनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। दोनों को पास से चोरी किया गया माल जेवर और नकदी वरामद किया है। घटना का खुलासा होने के बाद परिवार के लोगों के लिए भी यह बात किसी सदमे से कम नहीं है। जिस व्यक्ति पर घर के लोग भरोसा करते हैं, उसी के द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर चोरी की साजिश रचे जाने की बात सामने आने के बाद इलाके में भी इस घटना की चर्चा है। पुलिस ने युवती व उसके प्रेमी को जेल भेज दिया।



खुलासे के दौरान मौजूद आरोपी और पुलिस। -जागरण मोर्चा

# आवारा सांड से टकराकर बाइक सवार बैंक कर्मी की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बीसलपुर-बिलसंडा मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार बैंक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सड़क पर अचानक आए आवारा सांड से टकराने के कारण हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम रौतापुर और हाल निवासी बिजली हेडिंग कॉलोनी बिलसंडा कस्बा निवासी श्रवण कुमार का 30 वर्षीय पुत्र अर्पित गुप्ता बीसलपुर नगर में पीलीभीत रोड पर स्थित एचडीएफसी बैंक में कार्यरत था। रोज की भांति वह बैंक का काम निपटाकर अपनी बाइक से बीसलपुर से वापस घर लौट रहा था।

शुक्रवार की रात्रि 8 बजे जैसे ही उसकी बाइक बीसलपुर-बिलसंडा रोड स्थित शिशु विहार इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी अचानक रोड पर आवारा सांड आ गया। बाइक की गति तेज होने के कारण सांड से जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्पित बाइक समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय नागरिकों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पीलीभीत भेज दिया। 30 वर्षीय अर्पित की मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।



मृतक का फाइल फोटो।



एक्सीडेंट के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

# एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर बनाकर दिया 'टीबी मुक्त भारत' का संदेश



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सेंट जोसेफ़ विद्यालय में शनिवार को 25 एनसीसी बटालियन के निर्देशानुसार "टीबी मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चित्रों के माध्यम से टीबी से बचाव व जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के ए.एन.ओ. II/O राजीव सिंह गौर ने कैडेट्स को टीबी बीमारी के लक्षण, बचाव व इसके निःशुल्क इलाज की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और सही पोषण से टीबी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी एनसीसी कैडेट्स ने गाँव-गाँव जाकर टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने और देश को टीबी मुक्त बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त एनसीसी स्टाफ व कैडेट्स उपस्थित रहे।

# बारिश से कटी सड़क से निकलने को मजबूर राहगीर

## घुंघचाई- दियूरिया रोड पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** घुंघचाई से टूटा पुल होते हुए पीटीआर के जंगल से होकर दियोरिया कलां जाने वाला रोड पर जंगल के अंदर नरई पुलिया के पास बीते दिनों लगातार हुई बारिश के समय से सडक कटा हुआ है। लेकिन अबतक मरम्मत नहीं हो सकी,जिससे आने जाने बाले चार पहिया वाहनों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। यह सडक गतबर्ष हुई तेज बारिश से कट गई थी। जिसको प्रशाशन ने कटी हुई सडक पर मिट्टी का भराव कराकर रास्ता शुरू करा दिया था। लेकिन बरसात के समय इसबार आई बारिश में फिर से मिट्टी पानी में बह जाने से रास्ता बंद हो गया है। बाइक सवार ही जैसे तैसे निकल पा रहे है। राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर निकल रहे है। दियोरिया घुंघचाई मार्ग में जंगल के अन्दर नरई वाली पुलिया के पास सडक फिर से बारिश में कट गई है। पुलिया भी पूरी तरह से क्षतिगृस्त हो चुकी है। पुलिया के पास से सडक बीच में पूरी तरह से कटी हुई है। सडक भी जगह जगह टूटकर गड्ढो में तब्दील है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले बर्ष भी साइड में मिट्टी डलवाकर रास्ते को शुरू कराया गया था। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को साइड से होकर गुजरना पडता है। इसी बजह से चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है, चार पहिया वाहन स्वामियों को पुरनपुर व घुंघचाई जाने के लिए मानपुर,बिलसंडा, बंडा होकर लगभग 40 किलोमीटर अधिक दूरी तय करके पूरनपुर जाने को मजबूर है। जबकि दियोरिया से पूरनपुर की जंगल के रास्ते होते हुए दूरी महज 33 किलोमीटर दूर ही रास्ता तय करने के पश्चात पहुंच जाते है। जिम्मेदार अधिकारियों को जंगल का रास्ता होने की बजह से इसको जल्द ही ठीक कराना चाहिए था। जंगली जानवरों का खतरा अधिक होने से बाइक सबार लोगों को इस कटी सडक से सफर करना पड रहा है। जिससे बाइक सबार अपनी जान जोखिम में डालकर जंगल के इस क्षतिगृस्त पुलिया व कटी सडक से सफर करने को मझबूर है। पिछले बर्ष बारिश के मौसम में ही दियोरिया घुंघचिहाई मार्ग कट गया था। जिसको प्रशासन ने सिर्फ मिट्टी डालकर मरम्मत कराई थी। लेकिन सडक निर्माण का कार्य नहीं कराया था, जिससे चार पहिया वाहनों और बाइक सबार राहगीरों का आवागमन शुचारु हो गया था। लेकिन इसबार फिर से बीते दिनों हुई लगातार बारिश में सडक कट गई है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बडे वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद है। एसडीएम बीसलपुर नागेंद्र पाण्डेय ने जानकारी करने पर बताया है कि वन बिभाग और बिभागीय अधिकरियों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान जल्द ही कराया जायेगा।



जंगल के अंदर कटी सड़क।

# पत्नी को विदा करने से मना करने पर युवक ने कर ली आत्महत्या

- मौके पर पडा मिला जहरीले पदार्थ का पैकेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पत्नी की विदा ना करने से परेशान होकर युवक ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। शनिवार को उसका शव कुरैया रेलवे हाल्ट पर पडा मिला। उसके पास जहर का पैकट मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

बिहार के नालंदा निवासी मनीष कुमार की थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव महुआगुंदे में ससुराल है। वह अपनी ससुराल में पत्नी की विदा कराने के लिए ससुराल आया था। पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी ने जाने से इनकार कर दिया। विदा न होने से नाराज युवक ससुराल से निकल कर कुरैया हाल्ट पहुंच गया। हाल्ट पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने पर उसकी मौत हो गई। शनिवार को उसका शव कुरैया हाल्ट पर पडा मिला। जिससे खलवली मच गई। भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। रोते विखलते परिजन मौके पर पहुंचे, सूचना पर सेहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार से घटना की जानकारी ली। युवक के पास जहरीले पदार्थ का पैकेट भी पडा मिला है। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने की चर्चा हो रही है। पुलिस ने बताया कि मामला घरेलू कलह के चलते आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट होगा। परिवार में चीत्कार मची हुई है। जिनका रो रो कर वुराहाल है।

# लोकायुक्त से की शिकायत पर जांच को पहुंचे अधिकारी

## मनरेगा भवन में शिकायतकर्ता व ग्रामीणों को बुलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई/पूरनपुर।** घुंघचाई पंचायत की रहने वाली मोहिनी देवी का अपने परिवार से जगह जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।जिसका मामला सिविल में चल रहा है। युवती ने पंचायत में सरकारी योजनाओ का लाभ न मिलने, परिवार पर मारपीट,पंचायत में पर कई आरोप लगाकर मामले की शिकायत लोक आयुक्त से की थी।

लोकायुक्त ने पीलीभीत सीडीओ को जांच करने के निर्देश दिए थे। इसी को लेकर सीडीओ, एसडीएम, वीडीओ, सीओ घुंघचाई पहुंचे, जहां उन्होंने मनरेगा भवन में ग्रामीणो के साथ बैठक की गई। जिसमें मोहिनी देवी के मामले को लेकर चर्चा की गई। दोनों पक्षों को अधिकारियों ने बुलाया। अधिकारियों ने में दोनो पक्षो की बात सुनी, इसके बाद योजनाओ के वारे में लोगो से जानकारी की। मनरेगा के काम गिनाए गए। लोगों से सरकार कि योजनाओ के मिलने की जानकारी की। अधिकारियों ने युवती से कहा कि मामला सिविल कोर्ट में विचारधीन है। उन्होंने महिला से कहा कि सिविल कोर्ट जो आदेश देगा उसी के अनुसार कार्रवाही की बात कहकर उसको अश्वास्त किया।

इस दौरान सीडीओ सतीश कुमार मिश्रा, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, उपजिलाकारी मंयक गोस्वामी, पुलिस क्षेत्राधिकारी विधिभूषण मौर्य,नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, एडीओ पंचायत/ सचिव अवनीश कुमार, वीरेन्द्र प्रताप सिंह ध्रुव, प्रधानपति सुनील पासबान, तोलेराम पासबान सहित कई मौजूद रहे।



जांच पडताल करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, उठा ले गए बंद संदूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** चोरों ने ग्राम पंचायत के प्रशासक सहित दो घरों में घुसकर ताले पड़े दो संदूक चुरा ले गए। संदूकों में पांच हजार रुपये और जेवरात थे। एक अन्य घर में भी घुसकर चोरी की कोशिश की गई। शोर-शराबा पर चोर घटना को अंजाम नहीं दे सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली। तहसील क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरी की घटनाओ से हडकंप मचा हुआ है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी भूपराम ग्राम पंचायत प्रशासक है। भूपराम ने बताया कि वह परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। इसी दौरान रात्रि के समय अज्ञात चोर उनके घर के पीछे से छत पर चढ़कर घर के अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने कमरे में जाकर कमरे में रखा ताला पड़ा संदूक चोरी कर ले गए। संदूक में सोने की बाली और चार हजार रुपये, कपड़े थे। वंही गांव के रामदीन के भी घर में भी छत की ओर से चढ़कर बगैर दरवाजे के कमरे में रखे संदूक को चोरी कर लिया। उसके संदूक में चांदी की पायल और एक हजार रुपये थे। गांव के बेचेलाल के घर में घुसकर चोरों ने चोरी की कोशिश की। इसको लेकर खलबली मच गई। बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना सेहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिवार वालों से घटना की पूरी जानकारी की। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पडताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि चोरों का जल्द पता लगाकर खुलासा किया जाएगा।

# हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटा पाउडर से भरा ट्रक

**घुंघचाई।** शनिवार को घुंघचाई हाईवे पर कसगंजा मोड़ के पास उस समय हड़कंप मच गया। जब बंडा की ओर से खटीमा जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक में प्लास्टिक का पाउडर भरा हुआ था। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ट्रक के पलटने से उसमें भरा प्लास्टिक पाउडर सड़क पर बिखर गया। इसके चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना को देखा और ट्रक चालक के संबंध में जानकारी जुटाई। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सड़क पर ट्रक पलटा होने और माल बिखरा होने के कारण वाहन चालकों को भी सावधानी से निकलना पड़ा।

# मकान दिलाने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कागजात देने के बहाने चौराहे पर बुलाकर निर्माणाधीन मकान की छत पर ले जाने का आरोप**

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र में एक महिला ने युवक पर सरकारी योजना के तहत मकान दिलाने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर बरखेड़ा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि करीब तीन माह पहले उसकी पहचान सगीर पुत्र नजीर अहमद निवासी ग्राम जानपुर महोलिया से हुई थी। महिला का आरोप है कि सगीर ने उसे सरकार से मकान दिलाने का भरोसा दिया था। पीड़िता के मुताबिक, 8 अगस्त 2026 को आरोपी ने जरूरी कागजात देने के बहाने उसे एक चौराहे पर बुलाया। आरोप है कि वहां से आरोपी उसे उस मकान की छत पर ले गया, जहां वह राजमिस्त्री का काम कर रहा था। महिला का आरोप है कि छत पर पहुंचने के बाद युवक ने उसके साथ जबरदस्ती की। किसी तरह वहां से निकलने के बाद पीड़िता बरखेड़ा थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों एवं साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**परेशानी** ग्रामीणों में मचा हड़कंप, बाढ़ के खतरे से सहमे लोग

# शारदा नदी के उफान से आबादी में घुसा पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शारदा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने हजारा क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को नदी के उफान पर आने के बाद इसका पानी गांव की आबादी वाले इलाकों में पहुंच गया है। शनिवार को निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों के आसपास जलभराव की स्थिति बन गई है। बरसात के मौसम में हर साल शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से उन्हें बाढ़ और कटान की समस्या का सामना करना पड़ता है। नदी का पानी खेतों में भर जाने से फसलों को नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है। किसानों को अपनी मेहनत से तैयार की गई फसलें बर्बाद होने का डर सता रहा है। कई स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित होने की स्थिति बन गई है। गांव में पानी भरने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से राहत और बचाव कार्य तेज करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नदी के किनारे बसे गांवों में पहले से ही बाढ़ का खतरा बना रहता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं होने के कारण हर साल परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने कटान रोकने, सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए क्षेत्र के लोगों में सतर्कता बढ़ गई है। ग्रामीण लगातार नदी के हालात पर नजर बनाए हुए हैं। कई परिवारों ने जरूरी सामान, पशुओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि यदि नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई जाए और जरूरत पड़ने पर राहत शिविरों की व्यवस्था की जाए। साथ ही नदी किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को समय पर मदद मिल सके। फिलहाल शारदा नदी का उफान हजारा क्षेत्र के लिए बड़ी चिंता बना हुआ है। ग्रामीणों की निगाहें नदी के जलस्तर और प्रशासन की तैयारियों पर टिकी हुई हैं।



आबादी में भरा पानी। -जागरण मोर्चा

# हाईवे पर भिड़े दो आवारा सांड, थाने के गेट तक पहुंचे

**घुंघचाई।** शनिवार को कस्बा घुंघचाई के बस अड्डे पर दो आवारा सांड आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच काफी देर तक जोरदार संघर्ष होता रहा। लड़ते-लड़ते दोनों सांड घुंघचाई थाने के गेट तक पहुंच गए, जिससे वहां मौजूद लोगों और राहगीरों में खलबली मच गई।

दोनों सांड एक-दूसरे पर हमला करते हुए हाईवे पर काफी दूर तक पहुंच गए। इसी दौरान लड़ते-लड़ते दोनों थाने के गेट के सामने आ गए। यहां भी काफी देर तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा।

थाने के सामने सांडों की लड़ाई देखकर राहगीर और आसपास मौजूद लोग इधर-उधर हट गए। हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक वाइक भी छतिग्रस्त कर दी।

# पूरनपुर से बड़ी संख्या में जायरीन बरेली पहुंचे, अमन-शांति की दुआ की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बरेली में आयोजित 108वें उर्स-ए-आला हजरत में पूरनपुर से जायरीनों का एक जत्था पहुंचा और दरगाह पर हाजिरी दी। जायरीनों ने उर्स की विभिन्न रस्मों में शामिल होकर अकीदत का इजहार किया।

कुल शरीफ की रस्म के दौरान सभी जायरीन ने एक साथ हाथ उठाकर दुआ की। दुआ में जनपद पीलीभीत सहित पूरे देश में अमन, शांति और भाईचारा कायम रहने की कामना की गई। जायरीनों ने देश की खुशहाली और तरक्की के लिए भी दुआ मांगी। इस दौरान हाजी रियाजत नूर खान, फिरासत खान, नईम खान एडवोकेट, मोअज्जम खान चिश्ती और नावेद खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। फहीम खान समेत अन्य जायरीनों ने भी उर्स में शिरकत कर हाजिरी दी। जायरीनों ने कहा कि उर्स में शामिल होकर उन्हें आध्यात्मिक शांति और सुकून का अनुभव हुआ। पूरनपुर से पहुंचे जायरीनों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया। उर्स में देश-विदेश से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।



उर्स-ए-आला हज़रत में शिरकत करते ज़ायरीन। -जागरण मोर्चा

# अभ्यास मैच : 256 पर भारत के आठ विकेट गिरे

## जडेजा ने 63 और सुथार ने 41 रन बनाए; पडिक्कल का शतक

एजेंसी न्यूज



**कोलंबो।** भारतीय टीम फिलहाल श्रीलंका दौरे पर है। टीम कोलंबो में श्रीलंका-इलेवन के खिलाफ तीन दिन का वार्म अप मैच खेल रही है। श्रीलंका ने पहले दिन आठ विकेट पर 363 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। फिलहाल भारतीय टीम बल्लेबाजी कर रही है। उसने आठ विकेट पर 256 रन बना लिए हैं। फिलहाल देवदत्त पडिक्कल और सारांश जैन क्रीज पर हैं।

भारत को पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। वह खाता खोले बिना आउट हुए। कप्तान केएल राहुल ने 67 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 40 रन की पारी खेली। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडिक्कल 121 गेंद में 14 चौके की मदद से 103 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे। ऋषभ पंत दो रन बनाकर आउट हुए। ध्रुव जुरेल एक रन बना सके। इसके बाद जडेजा ने मानव सुथार के साथ छठे विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी निभाई। जडेजा 63 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। वहीं, सुथार 41 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप एक रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। सिराज एक रन बना सके। सिराज के आउट होने पर पडिक्कल फिर से बल्लेबाजी करने आए और वह सारांश के साथ क्रीज पर हैं। नियमित टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आज बल्लेबाजी करने नहीं उतरे।

### 5000 वनडे पूरे; 55 साल में कितना बदला यह प्रारूप सचिन-अकरम-वास और रोहित-कोहली रिकॉर्ड बुक में छाए

**नई दिल्ली।** पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वनडे ऐसा पहला फॉर्मेट बन गया है, जिसमें 5000 मैच खेले गए हों। शुक्रवार को स्कॉटलैंड और कनाडा के बीच मुकाबले के साथ ही पुरुष वनडे क्रिकेट ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया। जनवरी 1971 में शुरू हुआ यह प्रारूप पिछले 55 वर्षों में लगातार बदलता रहा है। कई बार इसके अस्तित्व पर भी सवाल उठे। कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसे बोरिंग बताया और बंद करने की मांग की। हालांकि, तमाम चुनौतियों के बावजूद वनडे क्रिकेट का अहम हिस्सा बना हुआ है। वनडे से करीब 94 साल पहले टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत हुई थी। टेस्ट का पहला मैच 1877 में खेला गया था। वहीं, पहला टी20 2005 में खेला गया था। टेस्ट अभी 3000 मैचों के आंकड़े तक भी नहीं पहुंचा है, जबकि टी20 ने 4000 का आंकड़ा पार कर लिया। आइए विस्तार से जानते हैं कि वनडे के तमाम रिकॉर्ड्स और आंकड़ों के बारे में।

5000 मैचों को 1000-1000 मैचों के पांच हिस्सों में बांटने से वनडे क्रिकेट में आए बदलावों की तस्वीर और साफ होती है। शुरूआती 1000 वनडे मैच खेलने में 24 साल लगे। 1000वां मैच 1995 में नॉटिंघम में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला गया था और यह मुकाबला रिजर्व डे तक गया था। इसके बाद अगले 31 वर्षों में 4000 और वनडे खेले गए।

## म्यूचुअल फंड में लावारिस पड़े हैं 3,811 करोड़

एजेन्सी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड में निवेश का क्रेज देश में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ ही एक बड़ी चिंताजनक तस्वीर भी सामने आई है। देश के लाखों निवेशकों का करोड़ों रुपया म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास लावारिस पड़ा है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक म्यूचुअल फंडों के पास लावारिस पड़े लाभांश की राशि में 15.7 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा अब बढ़कर 2,689 करोड़ पर पहुंच गया है। जब देश में निवेश की इतनी मजबूत लहर चल रही हो, तब निवेशकों की गाढ़ी कमाई का इस तरह लावारिस पड़े रहना भारतीय वित्तीय साक्षरता और निवेशकों की सजगता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

सेबी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में म्यूचुअल फंडों के पास कुल 2,324 करोड़ का लाभांश लावारिस था, जो अब 365 करोड़ की बढ़ोतरी के साथ 2,689 करोड़ हो गया है।

# 'कप्तानी से हटाओ': एश्ले गार्डनर के कथित अफेयर पर फिर बवाल

## पूर्व पत्नी ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछे सवाल

एजेन्सी न्यूज

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की उप-कप्तान एश्ले गार्डनर की निजी जिंदगी से जुड़ा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। गार्डनर की अलग रह रही पत्नी मोनिका राइट ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) पर चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर कोई खिलाड़ी अपने देश का प्रतिनिधित्व करता है और उसे रोल मॉडल माना जाता है तो उससे उच्च नैतिक मानकों की अपेक्षा की जाती है।

राइट ने कहा कि वह यह नेतृत्वकताओं से टीम के लिए एक मानक स्थापित करने की उम्मीद की जाती है और कथित आचरण उस मानक के अनुरूप नहीं है।

जुलाई में राइट ने डेली मेल की एक रिपोर्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा किया था। उन्होंने रिपोर्ट को 'बहुत अस्पष्ट' बताते हुए कहा था कि वह बताएंगी कि वास्तव में क्या हुआ था। इसके बाद उन्होंने जॉर्जिया वॉल की तस्वीर पोस्ट की और दावा किया कि गार्डनर ने उनके साथ इसी खिलाड़ी को लेकर धोखा किया। इससे पहले डेली मेल की रिपोर्ट में गार्डनर के वैवाहिक रिश्ते में आई दरार के पीछे किसी अन्य खिलाड़ी के साथ कथित संबंध होने की बात कही गई थी, लेकिन उस रिपोर्ट में खिलाड़ी का नाम नहीं बताया गया था।

गार्डनर और राइट ने अप्रैल 2025 में शादी की थी। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों के रिश्ते में दरार 2025 महिला वनडे विश्व कप के दौरान शुरू हुई। उस समय गार्डनर ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ भारत में थीं और राइट भी उनसे मिलने भारत पहुंची थीं।



इस मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। राइट ने गार्डनर पर टीम की साथी खिलाड़ी जॉर्जिया वॉल के साथ कथित संबंध होने का आरोप लगाया है और कहा है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में नेतृत्व की भूमिका में नहीं रहना चाहिए।

यह विवाद पहली बार जुलाई में सार्वजनिक हुआ था। उस समय राइट ने सोशल मीडिया पर गार्डनर के कथित अफेयर को लेकर आरोप लगाए थे। अब कोड स्पोर्ट्स से बातचीत में उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की समझ नहीं पा रही हैं कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कुछ क्यों नहीं कहा। उन्होंने सवाल किया कि क्या बोर्ड की चुप्पी का मतलब है कि वह गार्डनर और वॉल के कथित संबंध का समर्थन करता है।

उन्होंने कहा कि किसी जूनियर स्टाफ सदस्य के साथ कथित अफेयर और स्पष्ट शक्ति असंतुलन की स्थिति में किसी खिलाड़ी का नेतृत्व की भूमिका में बने रहना उचित नहीं है। राइट के मुताबिक, कप्तानों और

रिपोर्ट में टीम से जुड़े एक अज्ञात सूत्र के हवाले से कहा गया था कि उस दौरान दोनों के बीच कुछ असहजता महसूस की गई थी। बाद में दोनों अलग हो गए। गार्डनर सिडनी स्थित अपना घर छोड़कर चली गईं और दोनों ने तलाक की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि, गार्डनर और वॉल ने इन आरोपों पर सार्वजनिक रूप से कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# आईपीएल के अगले सीजन में नहीं खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

## कोच मैकडोनाल्ड के बयान ने मचाई हलचल

एजेन्सी न्यूज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने संकेत दिए हैं कि देश के प्रमुख टेस्ट क्रिकेटरों को अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी भागीदारी को लेकर मुश्किल फैसले लेने पड़ सकते हैं, क्योंकि टीम अपने इंटरनेशनल कैलेंडर के सबसे व्यस्त दौर में से एक के लिए तैयारी करेगी।

ऑस्ट्रेलिया को अगले 12 महीनों में 20 टेस्ट और 14 व्हाइट-बॉल इंटरनेशनल मैच खेलने हैं। इनमें भारत में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी शामिल है। टेस्ट फॉर्मेट की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया एक टेस्ट खेलेगा, जबकि इंग्लिश टीम से कंगारुओं की एशेज सीरीज में भी भिड़ंत होगी।

आईपीएल 2027 के मार्च के मध्य से मई के अंत तक चलने की उम्मीद है। जून में संभावित वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले का समय ही ऐसा रहता है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम इंटरनेशनल क्रिकेट से थोड़े समय के लिए ब्रेक लेती है। हालांकि, मैकडोनाल्ड ने इस बात पर जोर दिया कि आईपीएल ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी प्रबंधन रणनीति का एक अहम हिस्सा है और उनका मानना है कि इस प्रतियोगिता में खेलने से टीम के प्रमुख क्रिकेटरों को फायदा हो सकता है।

मैकडोनाल्ड ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा, 'मैंने पहले भी कहा है कि आईपीएल हमारे कई खिलाड़ियों के लिए हमारे मैनेजमेंट प्लान का हिस्सा है और मेरे हिसाब से टी20 क्रिकेट के सबसे अच्छी प्रतियोगिता में अपने बेहतरीन खिलाड़ियों को खेलने का मौका देने से उनके प्रदर्शन में भी फायदा होता है। बस आपको इसमें संतुलन बनाना होगा।'

पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शामिल हैं जो अभी आईपीएल फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं, जबकि जोश इंग्लिस भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा हैं।

## एसबीआई का शानदार प्रदर्शन, पहली तिमाही में लाभ 14 फीसदी बढ़कर 24113 करोड़ रुपये हुआ

एजेन्सी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने शुक्रवार को को जून तिमाही के अपने वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं। इस दौरान बैंक का समेकित शुद्ध लाभ 13.73 फीसदी बढ़कर 24,113 करोड़ रुपये हो गया है। यह वृद्धि मुख्य आय में सुधार और प्रावधानों में कमी के कारण हुई है। एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ सालाना 10.23 फीसदी बढ़कर 21,121.22 करोड़ रुपये रहा। अप्रैल-जून 2025 में यह 19,160.44 करोड़ रुपये था, जैसा कि नियामक फाइलिंग में बताया गया है। बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय करीब 15 फीसदी बढ़कर 46,992 करोड़ रुपये पहुंच गई। सकल अग्रिमों में 18.63 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन तीन फीसदी तक सिकुड़ गया। तिमाही-दर-तिमाही तुलना में इसमें 0.07 फीसदी का विस्तार देखा गया।

बैंक की गैर-ब्याज आय 9 फीसदी घटकर 15,293 करोड़ रुपये रही। इसमें विदेशी मुद्रा या डेरिवेटिव आय में 70 फीसदी की बड़ी गिरावट मुख्य कारण रही। बैंक की जमा वृद्धि 9.73 फीसदी दर्ज की गई है। कम लागत वाले चालू और बचत अग्रिमों की हिस्सेदारी सालाना 0.12 फीसदी घटकर 39.36 फीसदी हो गई।

अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने पत्रकारों को बताया कि बैंक का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 में 14-15 फीसदी की ऋण वृद्धि हासिल करना है। उन्होंने कहा कि 10-11 फीसदी की जमा वृद्धि इस लक्ष्य को वित्तपोषित कर सकेगी। बैंक ने एफसीएनआर (बी) विंडो के तहत 6 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। सेट्टी ने उम्मीद जताई कि सितंबर में विशेष विंडो बंद होने तक यह आंकड़ा 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

ताजा स्लिपेज 7,046 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि के 7,945 करोड़ रुपये से कम है। हालांकि, यह मार्च तिमाही के 5,521 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। 30 जून को सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात 1.47 फीसदी पर सुधर गया। यह 31 मार्च, 2026 के 1.49 फीसदी और पिछले साल की समान अवधि के 1.83 फीसदी से बेहतर है। 31-89 दिनों तक बकाया लेकिन गैर-निष्पादित परिसंपत्ति न बने अग्रिम जून के अंत में 4,174 करोड़ रुपये हो गए। मार्च 2026 में यह 3,350 करोड़ रुपये थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।